




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659




रद्द ट्रेनों से बढ़ी परेशानी

# 13 को कांग्रेस करेगी रेल रोको आंदोलन, इधर रेलवे का दावा कोरोना काल से बंद सभी ट्रेनें पटरी पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत लगातार रद्द हो रही ट्रेनों के कारण परेशानी बढ़ गई है। इस वजह से आम लोगों के साथ ही व्यापारी वर्ग भी परेशान है। कभी भी अचानक लोकल से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है। लगातार बढ़ती परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार और रेलवे के खिलाफमोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी 13 सितंबर को रेल रोको आंदोलन करेगी। इधर रेलवे का दावा है कि कोरोना काल से बंद सभी ट्रेनों को फिर से शुरू कर दिया गया है।**




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। बिना कोई कारण बताएं बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। महीनों पहले यात्रा की योजना बनाकर रिजर्वेशन कराने वाले लोगों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता। रेलवे यात्रियों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी और निरस्त को लेकर कैट सीजी चैप्टर का एक प्रतिनिधिमंडल रायपुर रेल मंडल के अफसरों से मिला।

### रेलवे का दावा पटरी पर लौटी सभी ट्रेनें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से बताया कि सभी यात्री गाड़ियों का नियमित परिचालन अपने निर्धारित समयानुसार किया जा रहा है। कोरोनाकाल के दौरान बंद किए गए सभी ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया है । इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा एवं मांग को देखते हुए गत वित्तीय से अब तक विभिन्न स्टेशनों में अलग-अलग ट्रेनों के 53 ठहराव दिये गए, जिनमें छोटे-छोटे स्टेशन भी शामिल है । रेल यात्रियों को अधिकाधिक कनफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं इस वर्ष के अप्रैल माह से अब तक विभिन्न ट्रेनों में 78 स्थायी रूप से लगाया गया । साथ ही भीड़भाड़, त्योहारों एवं छुट्टियों में 2550 अस्थायी अतिरिक्त कोच लगाए गए।

### डेवलपमेंट वर्क के कारण कुछ ट्रेनें होती हैं प्रभावित

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तेजी से नई रेल लाइन, दोहरीकरण, तिहरीकरण एवं चौथी लाइन के कार्य किए जा रहे है । इन निर्माण कार्यों में केवल नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के ही दौरान आवश्यकता होने पर ही कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द, मार्ग परिवर्तित या पुनर्निर्धारित कर कार्य को पूर्ण किया जाता है । वित्तीय वर्ष 2023-24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल विकास कार्यों (नॉन-इंटरलाकिंग) के दौरान अप्रैल माह में दुर्ग-भिलाई एवं एच केबिन, स्टेशनों में कुल 6 दिनों के कार्य में प्रतिदिन चलने वाली औसत ट्रेनों में से केवल 0.06 प्रतिशत ट्रेनों को कैंसिल किया गया। इसी प्रकार मई माह में रायपुर एवं आरवीएच स्टेशनों के मध्य 2 दिनों के कार्य में प्रतिदिन चलने वाली औसत ट्रेनों में से केवल 0.23 प्रतिशत, जून माह में झारीडीह स्टेशन यार्ड में 2 दिनों के कार्य में प्रतिदिन चलने वाली औसत ट्रेनों में से केवल 0.09 प्रतिशत, जुलाई माह में नैला, गुदमा एवं कांप्टी स्टेशनों में 10 दिनों के कार्य में प्रतिदिन चलने वाली औसत ट्रेनों में से केवल 0.47 प्रतिशत, अगस्त माह में सक्ती एवं जी केबिन स्टेशनों में 6 दिनों के कार्य में प्रतिदिन चलने वाली औसत ट्रेनों में से केवल 0.49 प्रतिशत, सितंबर माह में बधवावारा व कुम्हारी एवं भिलाई स्टेशनों में 9 दिनों के कार्य में केवल 2.23 प्रतिशत ट्रेनों को रद्द किया गया। भविष्य की जरूरतों के लिए बुनियादी संरचना और क्षमता वृद्धि कार्य अत्यावश्यक है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का हमेशा ही प्रयास रहता है कि इन कार्यों के दौरान आवश्यकता पड़ने पर ही कम से कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो।

### 1 प्रतिशत से भी कम ट्रेनें कैंसिल

इसी प्रकार इस वर्ष के अप्रैल से सितंबर महीने तक रेल विकास कार्यों (नॉन-इंटरलाकिंग) के दौरान प्रतिदिन चलने वाली औसत यात्री गाड़ियों में से महज 1 प्रतिशत से भी कम को कैंसिल किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रतिदिन औसत 247 मेल व एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इन 6 महीनों में 35 दिनों के कार्य के दौरान कुल 28 ट्रेनों को कैंसिल किया गया, जो कि प्रतिदिन चलने वाली गाड़ियों का माज 1 प्रतिशत से भी कम है। अभी हाल ही में सक्ती यार्ड में किए जा रहे कार्य के दौरान रद्द किए गए 7 ट्रेनों को रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए रेलवे द्वारा पुनः परिचालित किया गया।

## खास - खबर


### जी20 में भारत का दम देख चिढ़ गया चीन, किन बातों से सताने लगा नुकसान का डर?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जी20 सम्मेलन में भारत का दम देखकर चीन एक बार फिर चिढ़ गया है। सम्मेलन के आगाज से पहले ही चीन भारत से जल रहा है। यहां तक कि शी जिनपिंग ने दिल्ली आने से इनकार भी कर दिया। अब कि जब पहले ही दिन भारत ने 'नई दिल्ली घोषणापत्र' जारी कर दिया तो इससे दुनियाभर में देश की मजबूती खुलकर सामने आ गई। दूसरी ओर अफ्रीकी यूनियन को भी भारत के ही प्रयास से जी20 में जगह मिल गई जो कि चीन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इन्हीं बातों से चिढ़े चीन का कहना है कि जी20 में भारत अपना अजेंडा मनवाने और चीन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। चाइना इंस्टिट्यूट ऑफ कंटेंपरी इंटरनेशन रिलेशन्स की तरफ से कहा गया है कि एक वैशिक प्लैटफॉर्म पर भारत अपना निजी फायदा तलाश रहा है। चीनी थिंकटैंक ने कहा, भारत जी20 को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकामयाब है। वह जो भी कर रहा है उससे स्थितियां और खराब होने वाली हैं। थिंकटैंक ने कहा, भारत ने रणनीतिक और वैचारिक स्तर पर गड़बड़ी की है। इसके अलावा विवादित इलाके में बैठकें करके उसने लाइमलाइट लेने की कोशिश की है। बता दें कि श्रीनगर में जी20 की बैठक को लेकर चीन ने पहले भी आपत्ति की थी।

### चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ सड़क पर लेट गए पवन कल्याण

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू को भ्रष्टाचार के कथित मामले में गिरफ्तार किए जाने का विरोध कर रहे जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण और उसके वरिष्ठ नेता नादेंडला मनोहर को एनटीआर जिले में एहतियातन हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें विजयवाड़ा स्थानांतरित किया जा रहा है और उनके खिलाफकोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। कल्याण ने शनिवार को नंदयाला में चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की निंदा की थी और पूर्व मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए विजयवाड़ा की ओर जाने का प्रयास किया था। पुलिस ने पवन कल्याण को हैदराबाद से विजयवाड़ा के लिए उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद वह सड़क मार्ग से अपनी यात्रा शुरू की। शनिवार को उनके काफिले को एनटीआर जिले में दो बार रोका गया। कल्याण को अपनी कार से उतरना पड़ा। विजयवाड़ा की ओर जाने से रोके जाने पर पवन कल्याण अनुमंचीपल्ली में सड़क पर लेट गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

## राजघाट पर एकत्र हुए पीएम मोदी समेत जी20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष, बापू को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सभी नेता दिल्ली में राजघाट पर एकत्र हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य राष्ट्राध्यक्षों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार सुबह राजघाट पर जी20 नेताओं की अगवानी की। पीएम मोदी ने जी20 नेताओं को 'अंगरखा' पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पृष्ठभूमि में 'बापू कुटी' का चित्र दिखाई दिया। महाराष्ट्र में वर्धा के पास सेवाग्राम आश्रम में स्थित 'बापू कुटी' 1936 से लेकर 1948 में महात्मा गांधी के निधन तक उनका निवास स्थान था।

प्रधानमंत्री जी20 नेताओं को 'बापू कुटी' के महत्व के बारे में समझाते नजर आए। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जी20 नेताओं ने 'लीडर्स लाउंज' में 'शांति दीवार' पर हस्ताक्षर भी किए।

## चंद्रमा की सतह पर आराम फरमा रहा विक्रम चंद्रयान 2 ने भेजी है तस्वीर, इसरो ने किया साझा




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इसरो ने चंद्रयान 3 की एक नई तस्वीर जारी की है। यह तस्वीर चंद्रयान 2 ऑर्बिटर ने खींची है। इसमें विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर आराम फरमाता नजर आ रहा है। बता दें कि विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया गया है। अब यह चंद्रमा के दक्षिणी पोल पर सूर्योदय के इंतजार में सुस्ता रहा है। उम्मीद है कि जब फिर से यहां पर सूरज की किरणें पड़ेंगी तो विक्रम एक बार फिर से नींद से जागेगा। गौरतलब है कि फिलहाल साउथ पोल पर ठंड काफी ज्यादा है।

### इसरो को है उम्मीद


इसरो द्वारा साझा की गई चंद्रयान 3 के लैंडर की तस्वीर बुधवार को चंद्रयान 2 ऑर्बिटर पर लगे डुअल-फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक एपर्चर रडार (डीएफएसएआर) उपकरण द्वारा ली गई थी। इसरो के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर 22 सितंबर के आसपास चंद्रमा पर सूर्योदय के बाद फिर से काम करना शुरू कर देंगे। चंद्रयान 2 का ऑर्बिटर एक एसएआर उपकरण का उपयोग करता है जो एल- और एस-बैंड आवृत्तियों के भीतर माइक्रोवेव प्रसारित करता है और सतह से परावर्तित संकेत प्राप्त करता है। इसरो ने एक बयान में समझाया कि एक रडार-आधारित प्रणाली के रूप में यह सूर्य के प्रकाश पर निर्भर किए बिना छवियों को लक्षित और कैप्चर कर सकता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह तकनीक लक्ष्य सुविधाओं की दूरी और भौतिक विशेषताओं दोनों प्रदान कर सकती है। इसरो ने कहा कि डीएफएसएआर अत्याधुनिक उपकरण वर्तमान में किसी भी ग्रह मिशन में उपलब्ध उच्चतम रिजॉल्यूशन पोलरिमेट्रिक तस्वीरें प्रदान करता है।

### अब भी काम कर रहा है चंद्रयान 2 का ऑर्बिटर

डीएफएसएआर की लंबी रडार तरंग दैर्ध्य इसे कुछ मीटर की गहराई तक चंद्र उपसतह विशेषताओं की जांच करने में सक्षम बनाती है। पिछले चार वर्षों में, डीएफएसएआर ने चंद्र ध्रुवीय विज्ञान पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ चंद्र सतह की अपनी इमेजिंग के माध्यम से लगातार उच्च गुणवत्ता वाले डेटा प्रदान किए हैं। 2019 में लॉन्च किए गए चंद्रयान 2 मिशन का उद्देश्य चंद्रयान 3 के समान था, लेकिन लैंडर अपने सॉफ्ट लैंडिंग के प्रयास के दौरान क्रैश-लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिर भी, ऑर्बिटर पूरी तरह से चालू रहता है।

## छत्तीसगढ़ में विक्षोभ सक्रिय, झमाझम बारिश के आसार कुछ इलाकों में बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते कुछ दिनों से झमाझम बारिश का दौर देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान सूबे के कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कुछ इलाकों में वज्रपात का भी अलर्ट है। खासकर सूबे के बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। रायपुर में भी झमाझम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो छत्तीसगढ़ में मानसून विक्षोभ सक्रिय है। इसकी वजह से व्यापक बारिश के आसार बन रहे हैं।

मौसम विभाग की ओर से साझा किए गए ऑल इंडिया वेदर अपडेट के मुताबिक, एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन छत्तीसगढ़ और इसके आसपास के इलाकों पर सक्रिय है। यही नहीं मध्य प्रदेश से दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक एक ट्रफ भी गुजर रही है। एक अन्य मानसूनी ट्रफ राजस्थान के इलाकों से होकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। मौसम विज्ञानियों का पूर्वानुमान है कि बारिश के लिहाज से अगस्त के मुकाबले सितंबर का महीना कुछ बेहतर साबित हो सकता है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, कांकेर, कोरबा और सारंगढ़ में बारिश के आसार बन रहे हैं। खासकर अगले 24 घंटे के दौरान जशपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले में बादल छाए रहेंगे और कुछ जगहों में बारिश हो सकती है। बलरामपुर, बिलासपुर और कांकेर में भी अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। यही नहीं सूबे के रायपुर, बस्तर और महासमुंद के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश संभव है। इससे मौसम सुहावना बना रहेगा।

### जी20 सत्र के समापन की घोषणा, ब्राजील को सौंपी जी20 की अध्यक्षता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के पास है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए, प्रस्ताव रखे। हमारा कर्तव्य है कि सुझावों की एक बार फिर से समीक्षा की जाए, ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे तेज किया जा सकता है। इसके साथ मैं जी20 सत्र के समापन की घोषणा करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो को मैं हार्दिक शुभकामान देता हूं और उन्हें जी 20 की अध्यक्षता सौंपता हूं।

## चुप हो जा वरना 'ईडी' आ जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज




राजनीतिक दलों में पार्टी का झंडा-डंडा उठाने वाले सिर्फ और सिर्फ कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ता कभी नेता नहीं होता। नेतृत्व के गुण स्वाभाविक होते हैं जिन्हें लोग लेकर पैदा होते हैं। कुछ लोगों को जबरदस्ती नेतृत्व सौंप दिया जाता है पर विपरीत परिस्थितियों में वो 'हुआ-हुआ' करने लगते हैं और भेड़िये की खाल अपने आप उतर जाती है। भाजपा ने चुनाव की घोषणा से भी काफी पहले अपने कुछ प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। उम्मीद थी कि इससे उन्हें तैयारियों के लिए अच्छा खासा वक्त मिल जाएगा। कर्नाटक में कांग्रेस ने यही फार्मूला अपनाया था। पर इसका एक पहलू और भी है। वक्त काफी होने के कारण इससे प्रत्याशियों से असंतुष्ट लोगों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल जाता है। दुर्ग में कांग्रेस तो गरियाबंद में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ आक्रोश सामने आ रहा है। गरियाबंद में तो स्थिति विकट हो रखी है। यहां एक पूर्व कांग्रेसी को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री रहे अजीत जोगी का करीबी रहा यह कार्यकर्ता बाद में जोगी कांग्रेस में शामिल हो गया। पिछले चुनाव में इसने अच्छे खासे वोट भी हासिल किए। जोगी कांग्रेस का प्रभाव कम होते ही दो साल पहले उसने भाजपा प्रवेश कर लिया। अब भाजपा ने उसे ही प्रत्याशी बना दिया है। भाजपाइयों का नाराज होना तो बनता है। इसलिए जब प्रदेश अध्यक्ष राजिम पहुंचे तो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक तरह से उनका बहिष्कार ही कर दिया। पर कार्यकर्ताओं को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी नहीं है जहां लोगों को मनाने के लिए इमेशनल ब्लैकमेलिंग का सहारा लिया जाता है। यहां तो अनुशासन का डंडा चलता है। बेटा, अभी अध्यक्षजी कह रहे हैं तो मान जाओ। नहीं मानोगे तो मोटा भाई बात करेंगे। फिर भी नहीं माने तो ईडी-आईटी का डंडा चलाकर प्रेजेन्ट और फ्यूचर दोनों बर्बाद कर देंगे। गुस्सा दिखा रहे हो ठीक है पर पार्टी की मजबूरी को भी तो समझो। पार्टी इस बार किसी भी कीमत पर अपना पिछला प्रदर्शन सुधारना चाहती है। उसे पता है कि कोई करिश्मा ही उसे छत्तीसगढ़ में दोबारा सत्तासीन कर सकती है पर वह उम्मीद तो नहीं छोड़ सकती। कम से कम टक्कर तो दे ही सकती है। 90 सीटों वाली विधानसभा में एक सम्मानजनक स्थिति तो बना ही सकती है। ऐसे में वह जीतने वाले प्रत्याशी ढूंढ रही है। भाजपाई, कांग्रेसी कुछ नहीं होता। ऐसा सोचने वाले हमेशा पिछली सीटों पर बैठे रह जाते हैं। यह राजनीति है, अवसर को पहचानकर चोट करने वाले ही विजयी होते हैं। वैसे भी योग्य लोगों को ही विधानसभा-लोकसभा में होना चाहिए। भाजपा ऐसे लोगों को चुन-चुन कर अपने साथ कर रही है, इसके लिए उसे धन्यवाद देना चाहिए। जब देश की बात आती है तो वह पार्टी लाइन से ऊपर उठ जाती है। लोगों को अपने दल में शामिल करती है और भाजपा का ठप्पा लगा देती है।




## संपादकीय

### उपचुनाव का संदेश

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनावों के नतीजों पर खास ध्यान दिया जा रहा था तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह थी इसकी टाइमिंग। यह विपक्ष का I.N.D.I.A गठबंधन बनने के बाद होने वाला पहला चुनावी टकराव था। इसका क्षेत्र भी बड़ा व्यापक था। उत्तर के झारखंड, यूपी और उत्तराखंड से लेकर पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दक्षिण के केरल तक की सीटों पर मुकाबला हुआ। दूसरी बात यह कि ये उपचुनाव पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और फिर लोकसभा चुनावों से ठीक पहले हुए थे। बहरहाल, संख्या के लिहाज से देखा जाए तो इन चुनाव नतीजों को मिला-जुला ही कहना होगा। सात सीटों में से तीन बीजेपी के खाते में गईं और चार विपक्षी दलों में से किसी न किसी के हिस्से में। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि केरल (पुतुपल्ली) में बीजेपी मुकाबले में ही नहीं थी। वहां टक्कर कांग्रेस की अगुआई वाली UDF और LDF के बीच था जिसमें कांग्रेस-UDF ने बाजी मारी। ऐसे देखें तो स्कोरकार्ड तीन-तीन का बनता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर बीजेपी की भारी जीत बताती है कि वहां लेफ्ट पार्टियों के लिए आगे की राह सचमुच मुश्किल है। हालांकि लेफ्ट पार्टियों ने वहां चुनावी धांधली के आरोप लगाते हुए मतगणना का बहिष्कार कर रखा था। लेकिन इस बारे में जब तक विश्वसनीय जांच से कुछ स्थापित नहीं होता, तब तक सिर्फआरोप के बिना पर कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता। पश्चिम बंगाल (धुपगुड़ी) में विपक्ष का कोई साझा उम्मीदवार नहीं था। तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के अलावा वहां लेफ्ट पार्टियों का भी एक प्रत्याशी था, जिसे कांग्रेस ने समर्थन दिया था। जीत तृणमूल कांग्रेस को मिली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी का रहा। बीजेपी यह कहकर खुश हो सकती थी कि वहां तृणमूल के मुकाबले में वही है और उसने कांग्रेस व लेफ्ट को पीछे धकेल दिया है। लेकिन चूंकि अब लोकसभा चुनावों के लिहाज से लेफ्ट दल, कांग्रेस और तृणमूल- सभी एक ही पाले में खड़े नजर आ रहे हैं तो बीजेपी के लिए यह दिलासा काफी नहीं होगा। फिर भी अगर I.N.D.I.A गठबंधन के नजरिए से देखें तो झारखंड की डुमरी और यूपी की घोसी, ये दोनों सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सीटें कही जाएंगी। डुमरी में हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा का मुकाबला ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन से था लेकिन JMM प्रत्याशी को I.N.D.I.A गठबंधन का समर्थन हासिल था। घोसी की अहमियत इस बात में थी कि वहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ विपक्षी खेमे के किसी भी दल ने उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था। ऐसे में झारखंड के डुमरी में JMM और यूपी के घोसी में समाजवादी पार्टी की जीत के खास मायने हो जाते हैं। जाहिर है, बीजेपी I.N.D.I.A गठबंधन को हलके में लेने का जोखिम नहीं उठा सकती।

> जीत तृणमूल कांग्रेस को मिली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी का रहा। बीजेपी यह कहकर खुश हो सकती थी कि वहां तृणमूल के मुकाबले में वही है और उसने कांग्रेस व लेफ्ट को पीछे धकेल दिया है। लेकिन चूंकि अब लोकसभा चुनावों के लिहाज से लेफ्ट दल, कांग्रेस और तृणमूल- सभी एक ही पाले में खड़े नजर आ रहे हैं तो बीजेपी के लिए यह दिलासा काफी नहीं होगा।

## एजेंडा ही तो पूछा है!

संसद के विशेष सत्र को लेकर जारी रहस्यमय स्थिति के बीच विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने सरकार से तुरंत बताने को कहा कि इस सत्र का एजेंडा क्या है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्तावित सत्र में चर्चा के लिए कुछ 'रचनात्मक सुझाव' दिए। लोकतांत्रिक परंपरा और मर्यादा के अनुरूप अपेक्षित तो यह होता है कि ऐसे पत्रों का उत्तर सीधे प्रधानमंत्री की तरफ से आए। लेकिन नरेंद्र मोदी के शासनकाल में ऐसी परिपाटियों के निर्वाह की अपेक्षा हम नहीं रखते। फिर भी एक सामान्य से पत्र पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और टीवी चैनलों पर भाजपा प्रवक्ताओं की दिखी प्रतिक्रिया को न सिर्फ अवांछित, बल्कि एक हद तक आपत्तिजनक भी कहा जाएगा। सत्ता पक्ष ने उलटे सोनिया गांधी के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी। उन पर 'लोकतंत्र के मंदिर संसद को सियासी रंग' देने का इल्जाम लगाया गया है। बहरहाल, सरकार चाहे सोनिया गांधी के सुझावों को तव्वजो दे या नहीं, यह उसका विशेषाधिकार है, लेकिन संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है, तो उसका एजेंडा सारा देश जानना चाहता है।

संसद के सत्र को लेकर ऐसी गोपनीयता अभूतपूर्व है। फिर जिन लोगों को सत्र में भाग लेना है, उनमें जनता से निर्वाचित विपक्षी सांसद भी हैं। किसी एक साधारण बैठक के पहले भी भागीदार यह जानना चाहते हैं कि मीटिंग किसलिए बुलाई गई है। ऐसे में सांसदों का एजेंडा पूछना पूरी तरह वैध एवं विवेकपूर्ण है। लेकिन सरकार संभवत: विपक्ष को संसदीय प्रक्रिया में वैध हितधारक (स्टेकहोल्डर) नहीं मानती। उसे बदनाम और लांछित करके अपने समर्थक तबकों की निगाह में गिराने की कोशिश अब खासी जानी-पहचानी हो चुकी है। सवाल पूछने पर सवालों से ही जवाबी हमला बोलने की उसकी रणनीति भी नई नहीं है। लेकिन इन तौर-तरीकों ने भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान एवं भविष्य दोनों को अनिश्चय में डाल दिया है। इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि पारदर्शिता लोकतंत्र का बुनियादी तकाजा है, जबकि गुपचुप फैसले लेना और उन्हें लागू कर देना सिरे से लोकतांत्रिक भावना और व्यवस्था पर प्रहार माना जाता है। यही कसौटी लोकतंत्र को राजतंत्र से अलग करती है।

## विशेष सत्र का गोपनीय एजेंडा!

अब यह साफ हो गया है कि संसद का विशेष सत्र शुरू होने से एक-दो दिन पहले तक सरकार इसक एजेंडा गोपनीय रखेगी। सोनिया गांधी की चिट्ठी के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने लिखा है कि सब कुछ परंपरा और नियम के हिसाब से हो रहा है। हर बार सरकार सत्र से पहले सभी दलों की बैठक बुलाती है, जिसमें एजेंडा बताया जाता है। इस बार भी ऐसा ही किया जाएगा। हालांकि जब नियमित सत्र होते हैं तब के लिए यह बात ठीक है कि सरकार दो दिन पहले एजेंडा बताती है। लेकिन जब विशेष सत्र बुलाया गया है तो जाहिर है कि उसमें रूटीन के काम नहीं होने हैं। किसी खास मकसद से सत्र बुलाया गया है तो उसका एजेंडा पहले बताया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि सरकार हर चीज को गोपनीय रखने और एकदम से लोगों को चौंका देने के अपवाद को अपने कामकाज का नियम बना लिया है।

बहरहाल, जानकार सूत्रों का कहना है कि संसद के विशेष सत्र में कोई विधेयक नहीं पेश किया जाएगा। विपक्ष को दो बातों की चिंता है। पहली बात तो यह कि क्या सरकार एक देश, एक कानून का बिल ला सकती है? लेकिन इसकी कोई संभावना नहीं है। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी है उसकी एक भी बैठक नहीं हुई है। पहले सदस्यों की औपचारिक बैठक होगी। उसमें उस मकसद पर चर्चा होगी, जिसके लिए कमेटी बनाई गई है। उसके बाद राज्यों, राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग, सिविल सोसायटी आदि से सलाह-मशविरा होगा। पहली बैठक जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद ही होगी। सो, यह संभावना नहीं है कि कमेटी 18 सितंबर तक कोई रिपोर्ट दे पाएगी। दूसरी चिंता यह है कि संविधान में संशोधन करके देश का नाम सिर्फ भारत रखने का फैसला हो सकता है। लेकिन यह भी नहीं होना है। जानकार सूत्रों का कहना है कि सरकार इंडिया और भारत दोनों नाम रखने के पक्ष में है लेकिन भारत का ज्यादा इस्तेमाल किया जाएगा। नाम का विवाद शुरू होने के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंडिया, भारत या हिंदुस्तान कहिए पर हमारे खिलाड़ी ढेर सारे पदक जीत कर लाएंगे।

> आरंभ में इस समूह में 19 मुल्कों व यूरोपीय संघ के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को शामिल किया गया था, ताकि सामूहिक रणनीति और आम राय कायम की जा सके। उन्हीं के सार्थक प्रयासों का असर था कि इसे और प्रभावी बनाने के लिए शासनाध्यक्षों को आमंत्रित किया जाने लगा। वे गलत न थे। संसार के कुल व्यापार का 75 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 85 फीसदी इन देशों के पास है।

# जी-20 से जो हासिल हुआ



शशि शेखर

इस समय समूचा देश जी-20 के भव्य आयोजन की चकाचौंध से रोमांचित है, पर एक सवाल भी उछल रहा है। इतने ताम-झाम से देश और देशवासियों को हासिल क्या हुआ? उत्तर के लिए मैं आपको 15 साल पीछे ले चलने की इजाजत चाहूंगा।

सितंबर, 2009 की बात है। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमेरिका में थे। मौका था जी-20 की बैठक का। उन दिनों रिवाज था कि स्वदेश लौटते वक्त जहाज में प्रधानमंत्री अपने साथ गए पत्रकारों से बात किया करते थे। उसी पत्रकार-वार्ता में सवाल पूछा गया- जी-20 की तीन शिखर बैठकों के बाद, क्या आप हमें बता सकते हैं कि भारत के आम आदमी को इससे क्या हासिल हुआ? इन बैठकों से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को क्या लाभ होता है?

मनमोहन सिंह का जवाब था- जब वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमराएगी, तो स्वाभाविक ही उसका कुछ असर हम पर भी पड़ेगा... हम जिस दुनिया में जी रहे हैं, उसमें परस्पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है और कोई भी मुल्क अपने लिए यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि अन्य प्रतिभागी देशों को छोड़कर अकेले अपने बूते सभी आर्थिक लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इसलिए भारत के हित में भी यही है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था तरक्की करती रहे।

लगभग ऐसे ही सवाल-जवाब एक वर्ष पूर्व भी हुए थे।

नवंबर 2008 के जी-20 शिखर सम्मेलन और डॉक्टर मनमोहन सिंह की उस यात्रा को मैंने 'कवर' किया था। अमेरिका में वे कयामत के दिन थे। मैनहट्टन के बाजार में हर तरफ 'बिकाऊ है' के बोर्ड दिखते। लेहमन ब्रदर्स को दिवालिया घोषित हुए दो महीने बीत चुके थे, मगर आर्थिक बदहाली की तपिश चरम पर थी। हड़बड़ाए भारतीय उद्योगपति भी खर्चों में कटौती के साथ छंटनी की तैयारी कर रहे थे। आजादी के बाद पहली बार नौकरी-पेशा लोगों ने ऐसी असुरक्षा अपने सामने मुंह फाड़े पाई थी। भारत उतना प्रभावित नहीं हुआ था, जितना डर फैलाया गया था। फिर भी, हजारों बेरोजगार हो गए थे और रियल एस्टेट धराशायी हो गया था।

दरअसल, सन् 1990 के दशक में ही तय हो गया था कि दुनिया एक 'ग्लोबल विलेज' की ओर बढ़ रही है। अब कोई भी देश 'एकला चलो रे' की नीति नहीं अपना सकता। यही वजह है कि दशक खत्म होने से पहले आ टपके एशियाई वित्तीय संकट से दुनिया हकबकाई हुई थी। आम राय थी कि आगे भी ऐसे दुर्दिन आ सकते हैं और उनसे निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत होगी। जी-20 का गठन 26 सितंबर, 1999 को इसी नीयत से किया गया था।

आरंभ में इस समूह में 19 मुल्कों व यूरोपीय संघ के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को शामिल किया गया था, ताकि सामूहिक रणनीति और आम राय कायम की जा सके। उन्हीं के सार्थक प्रयासों का असर था कि इसे और प्रभावी बनाने के लिए शासनाध्यक्षों को आमंत्रित किया जाने लगा। वे गलत न थे। संसार के कुल व्यापार का 75 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 85 फीसदी इन देशों के पास है। इनका संभलना, आगे बढ़ना समूची धरती के लिए जरूरी था, जरूरी है। इन तथ्यों के आलोकमें आसानी से समझा जा सकता है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का नारा बुलंद कर रहे हैं।




क्या यह संगठन अपने मकसद में शत-प्रतिशत कामयाब रहा है?

यकीनन, नहीं। पिछले साल बाली में हुई जी-20 की बैठक में रूस और यूक्रेन के संघर्ष के चलते यह संगठन दो भागों में बंटा नजर आया था। इस बार भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के सदर शी जिनपिंग नई दिल्ली नहीं आए। दोनों की अनुपस्थिति की वजह अलग-अलग है, मगर इस मामले में तुरंत किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वैश्विक व्यवस्था के हसीन सपने के बावजूद विभिन्न देशों में पारंपरिक विवाद हमारे समय की तल्ख हकीकत है। सन् 1920 में स्थापित 'लीग ऑफ नेशन्स' और उसकी असफलता के बाद नए संकल्पों के साथ 1945 में जन्मा संयुक्त राष्ट्र संघ अभी तक इन गुत्थियों को नहीं सुलझा सका है। कुलजमा 24 साल पहले जन्मे जी-20 से ऐसी उम्मीद करना ज्यादती नहीं, तो और क्या है?

हो सकता है कि आपके मन में सवाल उठ रहा हो कि भारत और भारतीयों को इसका कोई तात्कालिक लाभ मिला या नहीं? बताने की जरूरत नहीं कि जी-20 के विभिन्न समूहों की बैठकें देश के विभिन्न हिस्सों में बसे 60 प्रमुख शहरों में हुईं। इसके चलते वहां जबरदस्त ढांचागत विकास हुआ। अकेले केंद्र सरकार ने इसके लिए 990 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। राज्य सरकारों ने जो खर्च किया, वह अलग है। मैं नोएडा में रहता हूं, काम के लिए दिल्ली जाता हूं और अक्सर नातेदारों से मिलने के लिए आगरा अथवा वाराणसी जाना होता है। इन सभी महानगरों में एक साल में जो विकास-कार्य हुए हैं, उनसे ये शहर न केवल सुंदर हुए, बल्कि लोगों की सुगमता भी बढ़ी है।

एक और प्रत्यक्ष तथा परोक्ष संदेश इस महाजुटान से निकला है।

गुजरी 22 से 24 मई तक श्रीनगर में जी-20 के पर्यटन समूह की बैठक हुई। बरसों बाद घाटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऐसा आयोजन हो सका था। इससे समूची विश्व बिरादरी में संदेश गया कि अनुच्छेद-370 की रुखसती और प्रदेश के विभाजन के बाद यह हिंसाग्रस्त इलाका अब अमन की ओर बढ़ रहा है। अपनी कूटनीतिक मजबूरियों के चलते जो देश यहां नहीं आ सके, उनकी ट्रैवल एजेंसियों के शीर्ष कार्यकारी यहां हाजिर थे। इससे आने वाले दिनों में विदेशी पर्यटकों के आवागमन की राह खुलेगी।

विपक्ष का आरोप है कि जी-20 की बैठकें हर साल किसी न किसी देश में होती हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस मौके को चुनावी फायदे के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। वे अपने तर्क को पुष्ट करने के लिए कहते हैं कि जिस तरह तमाम शहरों, कस्बों और गांवों में बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाकर नई दिल्ली जुटान का प्रदर्शन किया गया, वह आयोजन प्रधानमंत्री की छवि चमकाने और पुराने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए किया गया। यह भारतीय राजनीति का पुराना नुस्खा है। मार्च, 1983 में जब गुट-निरपेक्ष देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत ने की थी, तो उसमें लगभग 100 मुल्कों के महाकाय नेता दिल्ली पधारे थे, तब भी ऐसा ही हुआ था। इसी तरह, सन् 1982 में एशियाई खेलों के आयोजन का भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया था। तब और आज में टेक्नोलॉजी के अलावा बस एक फर्क आया है, आलोचकों के चेहरे और 'पोजीशन' बदल गई है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में विकास, साहचर्य और सियासत के रास्ते हमेशा हमराह नहीं बने रह सकते। हमें इस सच को समझना ही होगा।

# हजारों लापता लोगों की जंग लड़ती साहसी मां


मारिया हेरेरा मैग्दालेनो, मानवाधिकार कार्यकर्ता

हिंदी के मशहूर कवि सुदामा प्रसाद धूमिल ने दशकों पहले लिखा था- लोहे का स्वाद/ लोहार से मत पूछो/ उस घोड़े से पूछो/ जिसके मुंह में लगाम है। पीड़ा की समान अनुभूति के लिए इससे मार्मिक पंक्तियां आपको शायद ही कहीं मिलें। मारिया हेरेरा मैग्दालेनो के बारे में पढ़ते हुए लगा कि उनकी तकलीफ की शिद्दत भी वही मां समझ सकती है, जिसके बच्चे लापता हुए हों। मगर आशंका और उम्मीद के दोआब में जी रही मारिया इंसानियत के लिए जैसा संघर्ष कर रही हैं, उसे देखते हुए वह हम सबके सलाम की हकदार हैं।

मेक्सिको का मिचोआकन प्रदेश ड्रग्स तस्करी और गैंगवार हिंसा के लिए दशकों से कुख्यात रहा है। आज से 74 साल पहले इसी सूबे के एक गांव में मारिया पैदा हुईं। शादी के बाद गृहस्थी में पूरी तरह रम चुकी आठ बच्चों की मां मारिया कितनी ममतामयी हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लग जाता है कि पति से अलग होने के बाद भी उन्होंने सभी बच्चों को अपने साथ ही रखा। उनके पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई का पूरा जिम्मा मारिया के कंधों पर आ गया था। मगर इस अकेली मां ने अपने तईं कोई कसर नहीं छोड़ी।

शुरू-शुरू में वह अपने हाथों से कपड़ों के खिलौने व दूसरी चीजें बनातीं और उन्हें अपने बच्चों के सहपाठियों के घरों में बेचा करती थीं। दस्तकारी में उनका हाथ सधा हुआ था। देखते-देखते उनके उत्पादों की मांग बढ़ने लगी। जाहिर है, इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए उन्हें अधिक कपड़ों की जरूरत थी। मारिया पड़ोस के शहर ग्वादालाहारा कपड़े खरीदने जाने लगीं। उनका काम चल निकला था। गांव से शहर की आवाजाही में कारोबार के नए रास्ते भी सूझने लगे थे। मारिया के पास जब थोड़े पैसे जमा हुए, तो उन्होंने सोचा कि क्यों न सोने के गहने बेचने का काम किया जाए?

स्वर्णाभूषण बेचने का काम भी चल निकला, वह भी इतना कि अकेले उनके वश का नहीं रहा। लिहाजा जैसे-जैसे बच्चे बड़े हुए, उन्होंने मां का हाथ बटाना शुरू कर दिया। वे भी सोना खरीदने-बचने लगे थे। बड़े बेटे की शादी भी हो गई थी। काम अच्छा चल रहा था, मारिया मुत्मईन थीं कि अब उनके परिवार के सामने कभी फाकाकशी की नौबत नहीं आएगी। यह वही दौर था, जब मेक्सिको में ड्रग्स का संगठित अपराध भी तेजी से बढ़ता जा रहा था और आखिरकार साल 2006 में राष्ट्रपति फेलिप काल्डेरोन ने इन गिरोहों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। नतीजतन, जबर्दस्त हिंसक घटनाएं घटीं, बल्कि खून-खराबे की वह आग आज तक शांत नहीं हुई है।



साल 2008 की बात है। मारिया के दो बेटे राउल और हेसुस सल्वाडोर कारोबार के सिलसिले में अपने पांच अन्य साथियों के साथ पड़ोसी सूबे गुरेरो गए। अमूमन ऐसी यात्राओं से वे सप्ताह के अंत तक आ जाते थे, मगर इस बार जब नहीं लौटे, तो मां का दिल किसी अनहोनी से धड़क उठा। उनकी आंखें अनायास छलकने लगी थीं। माएं हिन्दुस्तान की हों या मेक्सिको की, जब भी औलाद पर मुसीबत आती है, उनके पांव इबादतगाहों की ओर दौड़ पड़ते हैं और हाथ दुआओं में उठ जाते हैं। मारिया बेटों की खैरियत की दुआ मांगने चर्च पहुंचीं। पादरी ने धीरज बंधाया, मगर मां का मन क्या धैर्य धरता! वह व्याकुल ही रहीं।

मारिया के एक अन्य बेटे जुआन कार्लोस ने भाइयों को फोन लगाने की कई कोशिशें की, मगर हर प्रयास निरर्थक रहा। थक-हारकर मारिया गांव के एक अधिकारी के पास गईं, मगर उससे कोई खास मदद नहीं मिली, फिर वह जुआन को साथ लेकर उस शहर की ओर निकल पड़ीं, जहां राउल व हेसुस आखिरी बार देखे गए थे। वह शहर भीषण हिंसा की चपेट में था। मारिया ने घर-घर जाकर अपने बेटों के बारे में पूछा। कहीं खौफ्जदा आंखों के साथ इनकार सुना, तो कहीं लोगों ने दूर से ही दुत्कार दिया।

बेटों की खोज में मारिया ने अपनी दुकानें बेच दीं, दूसरे बच्चों को स्वर्णाभूषण बेचने के लिए सड़कों पर निकलने से रोक दिया। मगर दो साल की सघन तलाश के बाद भी उनका हाथ खाली ही रहा। जमापूंजी तेजी से खत्म होने लगी थी। पैसे बचाने के लिए मारिया बस स्टेशन पर ही सो जाया करतीं, मगर इससे कितना बचा पातीं? बाकी बेटे मां और काम की हालत देखकर काफी आहत थे, वे दबाव डालने लगे थे कि मां काम पर जाने की इजाजत दे दें, ताकि परिवार पर कर्ज का बोझ और न बढ़ने पाए। आखिरकार 28 वर्षीय गुस्ताव और 24 साल के अरमांडो को मारिया ने अनुमति दे दी।

दो बड़े बेटों के लापता होने के गम से अभी निजात भी न मिली थी कि मारिया को एक और सदमा मिला। ठीक दो साल बाद दो और बेटे गुस्ताव और अरमांडो भी वेराक्रूज सूबे में लापता हो गए। उस प्रांत में भी हिंसा फैली थी। मारिया का पूरा परिवार बिखर गया था। कई बार लगता अब क्या जीना, पर पोते-पोतियों की शक्ल में उनकी निशानियां मरने का ख्याल झटक देतीं। वह देश के तमाम जवाबदेह दफ्तरों में चारों बेटों की तस्वीरें लेकर भटकती रहीं, पर कोई जवाब न मिला।

आखिरकार मारिया ने मेक्सिको में ऐसे परिवारों का एक आंदोलन खड़ा कर दिया, जिनके अपने लापता हैं और शासन-प्रशासन खामोश। पिछले एक दशक में अकेले उनके मुल्क में एक लाख, 12 हजार से ऊपर लोग लापता हो चुके हैं। मारिया के प्रयास से आज मेक्सिको में 160 ऐसे समूह सक्रिय हैं, जो लापता लोगों की तलाशी में जुटे हैं। मारिया को जान से मारने की कई धमकियां मिल चुकी हैं, मगर इस बेखौफ मां ने पिछले साल नवंबर में वाशिंगटन स्थित मानवाधिकार न्यायालय में मेक्सिको सरकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जिसके बाद सरकार इस समस्या को लेकर कुछ संजीदा हुई है। टाइम पत्रिका ने मारिया को साल की 100 प्रभावशाली शख्सियतों में शामिल किया है।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

# उस भारत के लाहौर में गजब कवर ड्राइव

लाला अमरनाथ

तब भारत का ही एक शहर था लाहौर। अमृतसर में अगर झपकी लग जाए, तो लाहौर में आंखें खुलती थीं और लाहौर से मोटरकार स्टार्ट होती थी, तब कब अमृतसर आ जाता था, पता नहीं चलता था। बहुत अपना और पास-पास था सब कुछ। राम से रहीम और रहीम से राम की दोस्ती का ही फल था कि मंदिर की घंटी से भोर होती थी और अजान से शाम ढलती थी। वैसी ही एक लाहौरी शाम थी, जब गली के पास के मैदान में लड़के क्रिकेट खेल रहे थे। वहां से इलाके के एक रसूखदार क्रिकेटर राणा तवक्कल माजिद गुजर रहे थे। उनके कानों में गेंद-बल्ला मिलन की एक मधुर आवाज घुल गई। आवाज ऐसी मोहक थी कि वह ठहर गए। उन्होंने गौर किया, एक किशोर बहुत शानदार तरीके से कवर ड्राइव मार रहा था। बायां पैर एक कदम करीने से आगे निकालकर, बल्ले को थोड़ा दायीं ओर आधा गोल घुमाते हुए गेंद पर सुंदर प्रहार और उसकी मधुर आवाज- टॅक्क। वाह, लड़के की बल्लेबाजी मुद्रा कितनी अच्छी है! लगता है, इसने घंटों अभ्यास से इस शॉट या प्रहार को साधा है। राणा से रहा न गया, उन्होंने पूछा, 'क्या यही शॉट दोबारा मार सकते हो? लड़के ने हामी भरी, तो राणा ने कहा, 'ठीक वैसे ही फिर मारकर दिखाओ।' गेंद फिर आई और लड़के ने उस पर फिर कवर ड्राइव लगा दिया। राणा का दिल बाग-बाग हो उठा। यह लड़का तो कमाल है, अभी से गजब टाइमिंग है। वाकई सिर्फ बल्ला भांजने भर से क्रिकेट मुमकिन नहीं है। बल्ला भांजना भी कला है। गेंद कब आएगी, बल्ला उससे कब कहां कैसे टकराएगा, यही तो क्रिकेटीय हुनर है। टाइमिंग, मतलब समय की सही पहचान, गेंद की सही पहचान और बल्ले पर पूरा नियंत्रण। टाइमिंग सही न हो, तो बल्ला हाथ के बल पर गेंद से बेवक्त टकराएगा और मुमकिन है टूट जाए और गेंद वहीं ढेर हो जाए। अगर टाइमिंग सही होगी, तो बल बहुत कम लगेगा, पर गेंद सीमा रेखा की ओर ऐसे भागेगी कि पकड़ना दुश्वार हो जाएगा।

उस किशोर पर राणा का मन आ गया कि यह लड़का हुनरमंद है। आगे चलकर अपने क्रिकेट क्लब क्रिसेंट का महारथी साबित हो सकता है। तब लाहौर के बड़े क्रिकेट क्लबों में से एक क्रिसेंट का प्रबंधन राणा के पास ही था। राणा ने उस किशोर से कहा, 'मुझे अपने माता-पिता, परिवार के पास ले चलो। उस किशोर का परिवार बहुत अभावग्रस्त था। राणा चिंतित हो गए कि पता नहीं, यह परिवार क्रिकेट के प्रति अपने प्रेम को कहां तक पहुंचा पाएगा। पता नहीं, आगे चलकर इस लड़के का क्या होगा? कहीं प्रतिभा अभावों के अंधेरे में खो न जाए? तब राणा ने अपना पूरा परिचय दिया और विनम्रता से आग्रह किया कि आप अपना यह बेटा मुझे दे दीजिए, इसकी मैं ठीक से परवरिश करूंगा और क्रिकेटर बनाऊंगा।

वह गरीब ब्राह्मण परिवार इस प्रस्ताव को ठुकरा न पाया और वह लड़का अमरनाथ भारद्वाज अपने नए परिवार के संरक्षण में पहुंच गया। राणा तवक्कल माजिद ने उस लड़के की सुख-सुविधा में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ी। वह लाहौर के बड़े अमीरों में शुमार थे। छह लाख की आबादी वाले लाहौर में बमुश्किल जिन एक-दो घरों में बिजली थी, उनमें राणा परिवार भी शामिल था। अमरनाथ ने भी भलमनसाहत और क्रिकेट में कोई कमी न आने दी। आए दिन वह कोई न कोई इनाम जीतकर आते थे, राणा परिवार खुशी से झूम उठता था। वह वाकई हीरा थे, जिनकी चमक को राणा परिवार या क्रिसेंट क्लब भी ज्यादा दिन तक बांध न पाया। उन पर एक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कोच फ्रैंक टैरेंट की नजर पड़ी। टैरेंट महाराजा पटियाला के कोच थे, उन्होंने अमरनाथ को साथ रखने की सिफारिश की। जाहिर है, यह अमरनाथ के लिए लाला अमरनाथ होने का जयघोष था, जहां सहूलियत, दौलत और रुतबा, तीनों का जलवा था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### विधानसभावार संकल्प शिविर 11 एवं 12 सितंबर को आयोजित होगा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार 11 सितंबर सुबह 11 बजे विधानसभा मुंगेली के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार,, 11 सितंबर दोपहर 1.30 बजे विधानसभा लोरमी के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव 11 सितंबर दोपहर 3 बजे विधानसभा पंडरिया के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, 12 सितंबर सुबह 11 बजे विधानसभा सक्ती के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, दोपहर 12 सितंबर को दोपहर 01.30 बजे विधानसभा जांजगीर-चांपा के संकल्प शिविर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, 12 सितंबर दोपहर 3 बजे विधानसभा अकलतरा के संकल्प शिविर में शामिल होंगे।

### वन जीवों की सुरक्षा के लिए स्थानीय युवाओं को किया प्रोत्साहित

**जगदलपुर।** ग्राम कोटमसर में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन, यूनीसेफ एफ्ईएस और छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति के सयुक्त तत्वाधान में युवोदय वन मितान (जन मन बन) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएफवन्यजीव राकेश पाण्डेय , डीएफ्ओ कांगेर घाटी धमशील गणवीर, यूनिसेफचीफछत्तीसगढ़ जॉब जकारिया, यूनिसेफसीफॉरडी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह, सुश्री मंजीत कौर बल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश जैन, यूनिसेफसलाहकार चंदन कुमार, सचिव छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति मानस बनर्जी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम, प्राकृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, और इसमें स्वयंसेवकों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम के तहत, स्थानीय युवाओं को वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई और उन्हें वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय उद्यान से आस पास के लगभग 250 ग्रामीण यूवा , स्थानीय इको विकास समिती के सदस्य और ग्रामिण जन उपस्थित रहे।

### ई जिला प्रबंधक, एक मुश्त मानदेय, पद की भर्ती के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**मोहला।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ई जिला प्रबंधक एक मुश्त मानदेय पद की भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से 15 सितंबर तक 15 शाम 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विलंब से तथा ऑनलाइन के अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञापन का प्रारूप इस प्रकार है, ई जिला प्रबंधक एक मुश्त मानदेय रिक्त पद के लिए 30 हजार रुपिया मानदेय दिया जाएगा।

हीरक जयंती पर रायपुर मेडिकल कॉलेज को मिला उपहार

# मुख्यमंत्री बघेल ने 700 बिस्तर क्षमता वाले नए चिकित्सालय भवन का किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में 700 बिस्तर क्षमता वाले नए एकीकृत चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन किया। चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल के लिए 322 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सर्वसुविधायुक्त चिकित्सालय भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री बघेल ने मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ भी किया।**



आज से ठीक 60 साल पहले 9 सितम्बर 1963 को रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमिपूजन कार्यक्रम और हीरक जंयती के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर मेडिकल कॉलेज एवं इससे संबद्ध चिकित्सालय को आज की जरूरत के हिसाब से विकसित करना है। उन्होंने सभी प्राध्यापकों, स्टॉफ छात्र-छात्राओं और भूतपूर्व विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज के 60 वर्ष पूरे करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस मेडिकल कॉलेज और चिकित्सालय की प्रतिष्ठा बढ़े, इसके लिए हम सबको मिल कर काम करना है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा और गुणवत्ता दोनों बढ़ी है। सरकारी अस्पतालों पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। दूरस्थ अंचलों के लोगों तक भी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंची हैं। शासकीय अस्पतालों के माध्यम से लोगों को निःशुल्क उपचार, जांच और दवाई मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य मशीनरी हर संकट से निपटने के लिए तैयार है। वैश्विक महामारी कोरोना के समय हमारे डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टॉफ ने बेहतर काम कर इसे साबित भी किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में मलेरिया और डायरिया फैलना अब बीते दिनों की बात हो गई है। हमारे मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर मेडिकल कॉलेज का 60 साल का सफर शानदार रहा है। इससे संबद्ध अस्पताल प्रदेशवासियों के लिए बड़ी उम्मीद है। एशिया की सबसे एडवांस्ड मशीनरी भी यहां उपलब्ध है। आज नए चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन हुआ है, जल्दी ही इसके लोकार्पण का समय आएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्वस्थता के बावजूद वे कार्यक्रम में मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य विभाग के लिए जितना मांगा है, उन्होंने उससे ज्यादा ही दिया है। श्री सिंहदेव ने बताया कि रायपुर मेडिकल कॉलेज में जीनोम सिक्वेसिंग लैब के लिए मंजूरी मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै ने कार्यक्रम में कहा कि रायपुर मेडिकल कॉलेज प्रदेश का सबसे बड़ा टर्शरी केयर हॉस्पिटल है।

यहां लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए सर्वसुविधायुक्त एकीकृत चिकित्सालय भवन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। आज भूमिपूजन होने के बाद जल्दी ही इसका निर्माण भी शुरू हो जाएगा।

### ऐसा होगा नया एकीकृत चिकित्सालय भवन

एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन में प्रदेशवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सभी बुनियादी सुविधाएं इस परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार का यह एक बड़ा कदम है। इसके बनने से राजधानी के नागरिकों को अत्याधुनिक सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल की सुविधा मिल सकेगी। डॉ. भीमराव स्मृति चिकित्सालय रायपुर में बनने वाले 700 बिस्तर के इस अस्पताल में बेसमेंट फ्लोर, लोवर ग्राउंड फ्लोर तथा भूतल के अलावा सात तल होंगे। इस अस्पताल में सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल की सभी सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी। इस एकीकृत नवीन चिकित्सालय भवन का निर्माण 70 हजार 896 वर्ग मीटर में होगा। भवन में फायर फाइटिंग सिस्टम, एचवीएसी सिस्टम, आईबीएमएस सिस्टम आदि का प्रावधान किया गया है। भवन में बेसमेंट फ्लोर 8828 वर्ग मीटर का, भूतल 7500 वर्ग मीटर का, प्रथम तल से पंचम तल तक 7274 वर्ग मीटर, षष्ठम तल मय आट्रियम रूफस्ट्रक्चर 8728 वर्ग मीटर, सातवां तल 640.57 वर्ग मीटर का होगा।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा को दिखाया आईना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा को आईना दिखा कर गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष की सभा के बाद भाजपा बौखला गयी है। मोदी सरकार के कुशासन वायदा खिलाफी को उठाकर खड़गे जी ने देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में ईडी, आईटी के दुरूपयोग के खिलाफ आवाज उठाकर कांग्रेस अध्यक्ष ने बता दिया कि भाजपा की इन अलोकतांत्रिक गतिविधियों को कांग्रेस जनता के बीच लेकर जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ मॉडल की तारीफकर यह भी बता दिया कि आने वाले चुनाव में भाजपा के दुष्प्रचार के खिलाफ कांग्रेस का विकास ही चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व्यक्ति विकास की दिशा में किये गये नीतिगत ठोस उपायों के बदौलत प्रदेश के 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है। रमन सरकार के दौरान 40 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते थे। भूपेश सरकार बनने के बाद कृषि क्षेत्र लाभकारी हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 74 लाख राशन कार्ड बना है। 44 लाख परिवार बिजली बिल हाफयोजना का लाभ उठा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत 377 इंग्लिश मीडियम तथा 349 हिंदी मीडियम के स्कूल आरंभ किये गये हैं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को सहेजने का भी बड़ा काम हुआ है। भांचा राम से जुड़े वन गमन स्थलों को परिपथ के रूप में विकास किया गया है। कौशल्या माता के मंदिर की चर्चा देश दुनिया में है। आदिवासी महोत्सव के माध्यम से अपनी विरासत को सहेजने संवारने का बड़ा काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 80 प्रतिशत आबादी कृषि कार्यों से जुड़ी हुई है और सरकार ने किसानों के साथ भूमिहीनों को भी आर्थिक मदद की है। भूपेश सरकार की किसानों की कर्जमाफी, बिजली बिल हाफ योजना, किसानों को 5 लाख से अधिक स्थाई पंप कनेक्शन, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी, तेंदूपत्ता का मानक दर 4000 रु. प्रति बोरा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को 9 हजार रु. एवं कोदो, कुटकी, रागी, गन्ना, दलहन, तिलहन, फलदार वृक्ष लगाने वाले किसानों को 10 हजार रु. प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि देने, 72 लाख परिवार को राशन कार्ड के माध्यम से चावल देना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना, दाई दीदी क्लिनिक, मजबूत चिकित्सा व्यवस्था, 727 से अधिक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सरकारी पदों पर भर्ती,मछली पालन, कुक्कुट पालन को कृषि का दर्जा देने हर क्षेत्र में ध्यान देना हर वर्ग को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने किये गए।

# विभागीय स्टालों के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं का किया प्रचार प्रसार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** भारत शासन के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत मे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण आहार माह 2023 के तत्वाधान में व्यंजन एवं रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

व्यंजन एव रंगोली प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं उपयोगी पौधों का वितरण शिविर में आये पक्षकार लोगों को किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, लिड बैंक एवं उनके विभिन्न शाखाओं एवं नगर पालिका गरियाबंद के द्वारा भी योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं ऋण संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण शिविर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आयोजित रंगोली एवं व्यंजनों का अवलोकन अतिथियों के द्वारा किया गया। साथ ही प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विभिन्न प्रतिभागीयों को विशेष न्यायाधीश यशवंत वासनीकर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तजेश्वरी देवांगन, श्रीमती छाया सिंह, मुख्य न्यायीक मजिस्ट्रेट, प्रशांत कुमार देवांगन, न्यायीक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नरेन्द्र देवांगन अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गरियाबंद के द्वारा उपहार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अषोक कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, चन्द्रहास साहू, परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद, चन्दू साहू, परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना छुरा, एवं समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास जिला गरियाबंद उपस्थित थे।

# एक ही दिन में नेशनल लोक अदालत में 2400 से अधिक प्रकरणों का निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में शनिवार 9 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया गया। कबीरधाम जिले के जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती जी के फोटोचित्र पर पूजा/अर्चना करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् अन्य न्यायाधीशगण, उपस्थित पक्षकारगण एवं अधिवक्तागण तथा अन्य संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा भी दीप प्रज्जवल किया गया।

उक्त लोक अदालत में राजीनामा योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरण रखे गए थे,जिनमें से 1038 प्रकरणों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा दुबे

द्वारा कुल 11 प्रकरण का निराकरण करते हुए 47,90,000/- की अवार्ड राशि पारित की गई, साथ ही उक्त भांति का ही प्रकरण श्रीमान् श्रीनिवास तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम द्वारा 01 प्रकरण का निराकरण करते हुए 350000/- की अवार्ड राशि पारित की गई। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय द्वारा कुल 23 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें से 1 प्रकरण का निराकरण वर्चुअल मोड पर किया गया। राजस्व न्यायालय में कुल 1325 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

सचिव श्री अमित प्रताप चन्द्रा, जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत में जिले के सुदूर क्षेत्रों से पक्षकार जिला न्यायालय प्रांगण में अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित होते है, जिन पक्षकारगणों के प्रकरणों का निराकरण हुआ, उन्हें संबंधित न्यायालय के न्यायाधीशगणों द्वारा फलदार पौधे दिए गये तथा पक्षकारों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई थी तथा बैंक द्वारा पक्षकारों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय में कुल 08 खण्डपीठ न्यायालय स्तर में, राजस्व न्यायालय स्तर में 12 खण्डपीठ गठित की गई थी। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरालिगल वालिन्टियर्स, जिला प्रशासन, जिला पंचायत, नगर पालिका, पुलिस विभाग, समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग रहा है।

# गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन में जिले को मिला प्रथम रैंक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के आधार पर प्रदेश स्तर पर नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन के प्रयासों और और संवेदनशीलता के परिणाम स्वरूप नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विकास की पथ पर अग्रसर है।

कलेक्टर जयवर्धन बेहद गंभीरता से शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उनके निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले के अधिकारीगण योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने के साथ ही बेहतर प्रयासों के साथ क्रियान्वयन कर रहे हैं। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी गोधन न्याय योजना मे पिछले पखवाड़े 15 दिनों के आकलन के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में गोधन न्याय योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर हर 15 दिनों में योजना के क्रियान्वयन के आधार पर जिलों की रैंकिंग किया जाता है। पिछले पखवाड़े के आधार पर जिले को प्रथम रैंक दिया गया है। प्रदेश स्तर पर जारी रैंक में जिले में स्वीकृत व निर्मित गौठानों में 100त्न अंक दिया गया है।

इसी तरह सक्रिय गौठानों के आधार पर 100त्न अंक दिया गया है। गोमूत्र विक्रय में भी 100त्न अंक दिया गया है। स्वीकृत गौठानों में तीन क्रियाकलापों के क्रियान्वयन में 87 प्रतिशत अंक दिया गया है। इसी प्रकार संयुक्त रूप से कंपोस्ट खाद और गोमूत्र विक्रय के आधार पर 91त्न अंक दिया गया है। इस तरह से ऑल ओवर रैंक में जिले को प्रथम स्थान दिया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने गौठानों के संचालन के लिए जुड़े हुए गौठन समिति, महिला समूहों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गोधन न्याय योजना से जुड़े हुए विभागीय अधिकारियों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आगे भी इसी तरह से गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन करते हुए जिले को अग्रणी बनाएं। उन्होंने कहा कि कंपोस्ट खाद का उपयोग किसान अधिक से अधिक कर रासायनिक खाद से खेतों और जमीनों को हो रहे नुकसान से बचाने में आगे आए। कलेक्टर ने कहा कि जैविक खेती से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि जैविक खेती से उत्पादित अनाज और सब्जियां स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी फायदेमंद होते हैं। कलेक्टर


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

### छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया

# इस साल 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की आशाः मुख्यमंत्री बघेल

**गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़, स्व-सहायता समूहों एवं गौठान समितियों को 2.77 करोड़ रुपए का भुगतान**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ऑनलाईन राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों के बैंक खातों में 23 करोड़ 93 लाख रुपए अंतरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल बारिश अच्छी हो रही है और उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। हमारी सरकार हर साल धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया है। इस साल हमें आशा है कि 125 लाख मीट्रिक धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार भी छत्तीसगढ़ से चावल खरीदी का कोटा घटा दिया है, हमारे बारदाने का कोटा भी कम कर दिया है। मैंने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गौठानों में चार रुपए लीटर की दर से गौमूत्र खरीदकर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं इससे ब्रह्मास्त्र और जीवामृत तैयार कर रही है, जिसे किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान अब महंगे पेस्टीसाइट के बदले जैविक कीटनाशक ब्रह्मास्त्र और जीवामृत का उपयोग करने लगे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को गौठानों में 15 अगस्त से 31 अगस्त तक क्रय किए गए 2.68 लाख क्विंटल गोबर के एवज में गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रूपए का ऑनलाइन भुगतान किया। गौठानों में अब तक 133.22 क्विंटल गोबर की खरीदी हो चुकी है, जिसकी एवज में पशुपालन किसानों को 261.08 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 9 सितम्बर को 5.36 करोड़ रुपए के भुगतान के बाद गोबर क्रय की कुल राशि 266.44 करोड़ रुपए हो गई है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 09 सितम्बर को भुगतान की जाने वाली 2.77 करोड़ रुपए की राशि के बाद इनको होने वाले भुगतान की राशि 275.01 करोड़ रुपए हो गई है।

गौरतलब है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी के मामले में स्वावलंबी गौठान समितियों की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में निर्मित एवं संचालित 10288 गौठानों में से 6252 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर विक्रेताओं से गोबर क्रय कर रहे है। स्वावलंबी गौठानों ने अब तक 76 करोड़ 42 लाख रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रबंध संचालक गोधन न्याय मिशन डॉ. अय्याज फकीर भाई तंबोली, राज्य नोडल अधिकारी रीपा गौरव सिंह, संचालक कृषि एवं पशुधन चंदन त्रिपाठी, उप सचिव तूलिका प्रजापति, राज्य नोडल अधिकारी एनएलआरएम पद्मिनी भोई साहू एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।




### मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 23.93 करोड़ रुपए का किया भुगतान

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बटन दबाकर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 93 लाख रुपए ऑनलाइन राशि अंतरित की। जिसमें गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रुपए, गौठान समितियों को 1.63 करोड़ रुपए एवं स्व-सहायता समूहों की 1.14 करोड़ रुपए की लाभांश राशि के साथ ही स्व-सहायता समूहों को 12.32 करोड़ रुपए तथा सहकारी समितियों को 1.23 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि और स्वावलंबी गौठान समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 2.25 करोड़ रुपए की मानदेय राशि शामिल है। शनिवार को गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को 29 करोड़ 93 लाख रुपए के भुगतान के बाद अब तक कुल 581.24 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

### स्व-सहायता समूहों और सहकारी समितियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के रूप में 13.55 करोड़ रुपए का भुगतान

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मौके पर गोबर से कम्पोस्ट खाद के उत्पादन से जुड़े स्व-सहायता समूहों को कम्पोस्ट खाद के विक्रय पर प्रति किलोग्राम एक रूपए के मान से कुल 12 करोड़ 32 लाख रुपए तथा सहकारी समितियों को प्रति किलो 10 पैसे मान से कुल 1 करोड़ 23 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में ऑनलाइन जारी की। मुख्यमंत्री स्वावलंबी गौठानों के 42 हजार 644 सदस्यों को मानदेय के रूप में 2 करोड़ 25 लाख रूपए उनके बैंक खातों में अंतरित किए।

# एनसीसी कैडेटस ने लोगो को तालाबों, नदियों और जलाशयों को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

**राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**पुनीत सागर अभियान से जुड़े एनसीसी कैडेट का हुआ सम्मान**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** एनसीसी केडिट्स के द्वारा पुनीत सागर अभियान के माध्यम से लोगो को तालाबों,नदियों और जलाशयों को स्वच्छ रखने का लगातार संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में पुनीत सागर अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर लोगो को तालाबों, नदियों और जलाशय को स्वच्छ रखने के लिए लोगो को प्रेरित करने के लिए एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों द्वारा जल संरक्षण और उसके सदुपयोग से संबंधित नारे भी लगाए। आज के कार्यक्रम में एनसीसी रायपुर ग्रुप के विभिन्न संस्थाओं के 2000 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम स्थानीय लोगों तथा भावी पीढ़ी को तालाबों, नदियों और जलाशयों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने एवं इसके महत्व को रेखांकित करने पुनीत सागर अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एनसीसी केडिटस द्वारा आयोजित किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन का विस्तार करते हुए एनसीसी द्वारा देशभर में पुनीत सागर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य समुद्री किनारों और बीचों, झीलों, नदियों तथा तालाबों को प्लास्टिक एवं अन्य कचरों से मुक्त करना है। पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना और इस संदेश का प्रचार-प्रसार करना भी इस अभियान का मकसद है। ज्ञात हो छत्तीसगढ़ राज्य में एनसीसी ग्रुप रायपुर और इसकी राज्य भर में फैली 16 इकाइयां पिछले एक साल से पुनीत सागर अभियान में शामिल है। रायपुर छत्तीसगढ़ में एनसीसी के पूरे राज्य भर के लगभग 253 स्कूलों और 100 कॉलेजों में लगभग 18 हजार कैडेट्स हैं। रायपुर ग्रुप के एनसीसी कैडैटस् द्वारा अब तक छत्तीसगढ़ के 75 जल ईकाईयो को प्लास्टिक मुक्त बनाया गया है। कुल 2400 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र कर रिसाईक्लिंग के लिए भेजा गया है। स्थानीय आबादी के बीच जल निकायो की सफाई और संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेटो द्वारा एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस संबंध में एनसीसी ईकाईयो द्वारा स्थानीय आबादी, ग्राम पंचायत, नगर निगम और गैर सरकारी संगठनो (एन.जी.ओ.) के साथ जागरूकता रैलियां, नुक्कड नाटक, पेन्टिंग प्रतियोगिता और हस्ताक्षर अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई है।

सम्मान कार्यक्रम में विधायकगण कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, बृजमोहन अग्रवाल, श्रम विभाग के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल, मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल संजय शर्मा, (सेवानिवृत्त) पूर्व एडीजी, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्हीएसएम (सेवानिवृत्त), कर्नल विष्णु शिकरवार, कर्नल संतोष रावत, कर्नल राकेश बुधानी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

आज के इस मेगा इंवेन्ट में रायपुर शहर के नागरिक,स्वयं सेवको और एनजीओके साथ 8 सीजी गर्ल्स बटा, 27 सीजी बटा, 5 सीजी सीजीआई 1 सीजी नेवल युनिट एवं 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन के स्कूल और कॉलेजो के एनसीसी कैडेट ने भाग लिया।

तेलीबांधा रायपुर में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट द्वारा नुक्कड़ नाटक, पुनीत सागर गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किये। इस अवसर पर स्थानीय छत्तीसगढ़ी कलाकार सुनील तिवारी ने भी प्रस्तुति दी। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विक्रम सिंह चौहान, वाईएसएम ने एनसीसी कैडेटो द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में किये गये पुनीत सागर अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ब्रिगेडियर चौहान ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान, मतदाता जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण शहीदो की मूर्तियों की सफाई और रख रखाव, महिता सशक्तिकरण वोकल फॉर लोकल और बैन प्लास्टिक ड्राईव जैसी सामाज सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला जिनमे छत्तीसगढ़ में एनसीसी द्वारा जोरदार तरीके से कार्य किया जा रहा है।

# आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारियों ने राज्यपाल हरिचंदन से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में आर्ट ऑफ लिविंग छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को वाशिंगटन डी.सी., यूएसए में आयोजित होने वाले चौथे विश्व संस्कृति महोत्सव में सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ लिविंग ट्रस्ट के अपेक्स मेम्बर दीपेन्द्र दीवान, व्यक्तित्व विकास केंद्र ट्रस्ट के अपेक्स मेम्बर सुधाकर राव और वरिष्ठ प्रशिक्षक मुकेश निहाल उपस्थित थे।



# रीपा में महिलाएं तैयार कर रही आकर्षक गणेश मूर्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गणेश चतुर्थी त्योहार आ रहा है ऐसे में रीपा से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाएं सुंदर और आकर्षक गणेश भगवान की प्रतिमा बना रही है। पूरे देश में धूम धाम से गणेश चतुर्थी मनाया जाता है और 10 दिनों तक घरों और पंडालों में गणेश भगवान विराजमान होते हैं। त्योहार के अवसर पर बड़ी संख्या में गणेश भगवान मूर्ति की मांग बनी रहती है अम्बिकापुर जिले के रीपा मेंड्राकला की गणेश की मूर्ति निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति ममूह की महिलाओं द्वारा गणेश प्रतिमा बना रही है। महिलाओं ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए गणेश प्रतिमा बनाने की मांग अच्छी खासी बनी हुई है। अब तक 7000 रुपए के मूर्ति का विक्रय भी कर चुके हैं। डिमांड इतनी ज्यादा है कि लोगों के द्वारा एडवांस में मूर्ति आर्डर दिया जा रहा है। स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने बताया कि शहरों में स्टॉल लगाकर गणेश मूर्ति का विक्रय किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ शासन ने रीपा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उद्योग से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर भी महिलाओं ने सुंदर और आकर्षक राखी बनाकर विक्रय किया जिससे उनको अच्छी आमदनी भी प्राप्त हुई।

# आगामी खरीफ सीजन में किसानों से बायोमेट्रिक व्यवस्था से होगी धान की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मीलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा की अनुरूप छत्तीसगढ़ में पंजीकृत किसानों से आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी 01 नवंबर 2023 से धान खरीदी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत शुरू होगी और 31 जनवरी 2024 तक चलेगा। इसी तरह मक्का खरीदी भी 01 नवंबर 2023 से ही शुरू होगी और 28 फरवरी 2024 तक चलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष में किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा औसत अच्छी किस्म (एफएक्यू) के धान एवं मक्का के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। धान कामन के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2203 रुपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की जाएगी। इसी तरह मक्का प्रति क्विंटल 2090 रुपए के भाव से खरीदी की जाएगी। मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में केंद्र सरकार से राज्य की लेनदारी के अंतर्गत केंद्र सरकार की एजेन्सी के रूप में केन्द्रीयकृत एवं विकेन्द्रीकृत योजनांतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किया जाता है। आज की स्थिति में जमा



चावल के विरूद्ध भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ एवं नागरिक आपूर्ति निगम की केंद्र सरकार से 4195 करोड़ रुपए सहित कुल राशि 6400.30 करोड़ रुपए लेनदारी केंद्र सरकार से शेष है। जिसमें पत्र लिखकर लेनदारी की राशि के लिए अनुग्रह करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी खरीफ वर्ष 2023-24 में बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। अभी तक प्रदेश के लगभग 05 लाख किसानों के पंजीयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। बायोमेट्रिक धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में किसानों को जानकारी देने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए है। बैनर और पोस्टर समिति स्तर पर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा कृषि एवं सहकारिता से संबंधित संगठनों की बैठक लेकर किसान पंजीयन की जानकारी देने के निर्देश दिए गए है। मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में प्रदेश में किसानों के धान विक्रय में सहुलियत को ध्यान में रखते हुए उपार्जनों केन्द्रों की संख्या लगातार वृद्धि की जा रही है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष और भी कुछ धान उपार्जन केंद्र खुलेंगे। वर्तमान में 2617 धान उपार्जन केंद्र संचालित है। विगत वर्ष राज्य के 24.96 लाख किसानों ने पंजीयन करवाया था, जिसका रकबा 32.15 है।

राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और फैसलों के चलते गत वर्ष लगभग ढाई लाख नवीन किसानों ने पंजीयन करवाया था और किसानों से रिकॉर्ड 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। इस वर्ष भी किसानों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित की लक्ष्य के मद्देनजर बारदाने एवं खरीदी व्यवस्था दुरूस्त किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष धान खरीदी के लिए बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। साथ ही ऑनलाईन एवं ऑफलाइन टोकन व्यवस्था के चलते सफलतापूर्वक धान खरीदी हुई थी। इस वर्ष भी धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य के अनुसार लगभग साढ़े सात लाख गठान जूट बारदाने की आवश्यकता होगी। इसमें 4.03 लाख नए और 3.43 लाख गठान पुराने बारदाने की जरूरत पड़ेगी। बारदाने की व्यवस्था के लिए खाद्य विभाग द्वारा पहले से ही तैयारी की जा रही है।

बैठक में अधिकारियों ने चर्चा के दौरान बताया कि अनुमानित धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों में धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसमें किसानों के पंजीयन से लेकर बारदाने की व्यवस्था, खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, भुगतान की व्यवस्था आदि का संधारण कार्य किया जा रहा है।

बैठक में खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, प्रबंध संचालक मार्कफेड मनोज कुमार सोनी, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक केएन काण्डे, कृषि विभाग के संयुक्त सचिव केसी पैकरा सहित अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# ज्यादा नींबू पानी पीने से शरीर को होते हैं ये नुकसान

एकदम हेल्दी और फिट रहने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट अक्सर ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हैं। ज्यादा पानी पीना तो सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। शरीर को पूरे दिन हाईड्रेट बनाए रखने के लिए पूरा दिन पानी पीना फायदेमंद होता है। ऐसे में लोग नींबू का इस्तेमाल करते हैं। नींबू शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद तो होता है। साथ ही यह शरीर से गंदगी निकालने का भी काम करती है। साथ ही साथ यह चर्बी गलाने का काम भी करती है। इससे आपको मोटापा से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन इतना तो आपको पता है किसी भी चीज का हद से ज्यादा इस्तेमाल आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। आइए जानते हैं नींबू-पानी पीना रोजाना सही है या नहीं?

## बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ऐसे करें नींबू का इस्तेमाल

वजन को कंट्रोल में रखने के लिए और शरीर को डिटॉक्स करने के लिए नींबू पानी काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। शरीर में मौजूद जो फैट होता है उसे भी कम करता है। लेकिन कुछ लोगों को जल्दी रहती है ऐसे में वह चाहते हैं तुरंत फायदा मिले। नींबू पानी शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। लेकिन काफी ज्यादा पीना शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर के लिए फायदेमंद होता है। हर रोज एक गिलास से ज्यादा नींबू पानी पीने से बचना चाहिए।

## ज्यादा नींबू पानी पीने के नुकसान

गर्मी हो या सर्दी कई लोग ऐसे हैं जो काफी ज्यादा नींबू-पानी का इस्तेमाल करते हैं। एक दिन में काफी ज्यादा नींबू और पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपकी पाचन भी बिगाड़ सकती है। इसलिए कंट्रोल मात्रा में नींबू पानी का इस्तेमाल करें। इससे शरीर में होने वाली परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। बहुत ज्यादा नींबू पानी शरीर के लिए काफी ज्यादा खतरनाक हो सकता है।

- ज्यादा नींबू-पानी हार्टबर्न की शिकायत हो सकती है।
- ज्यादा नींबू पानी से पेप्टिक अल्सर का खतरा बढ़ जाता है।
- ज्यादा नींबू पीने से शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है।
- ज्यादा पीने से वजन ज्यादा कम हो सकता है।
- शरीर में आयरन की कमी बढ़ सकती है।
- पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है।
- ज्यादा नींबू पानी पीने से हड्डियां कमजोर हो जाती है।

# फिर पटरी पर आने की तैयारी में इंशाल्लाह सलमान के साथ आलिया



सलमान खान के पास में इन दिनों सिर्फ एक ही फिल्म टाइगर-3 है, जो इस दीपावली पर प्रदर्शित होने जा रही है। आगामी वर्ष की ईद पर उन्होंने कोई फिल्म घोषित नहीं की है। लेकिन अब समाचार आ रहे हैं कि सलमान खान जल्द ही दो ऐसे निर्माताओं के साथ वर्षों बाद काम करने जा रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने एक समय पर ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। यह निर्माता निर्देशक हैं करण जौहर और संजय लीला भंसाली। पिछले दिनों समाचार आए थे कि सलमान खान करण जौहर द्वारा निर्मित और विष्णुवर्धन द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे। इस फिल्म की स्क्रिप्ट को लॉक कर दिया गया है। अब समाचार आ रहे हैं कि सलमान खान संजय लीला भंसाली के साथ भी काम करने जा रहे हैं। सलमान और भंसाली की कुछ वक्त से फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी, जो निर्णय पर पहुंच चुकी है और यह दोनो सितारे 4 साल पूर्व ईद के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म इंशाल्लाह, जो अभिनेता निर्देशक के बीच क्रिएटिव डिफ्रेंस के कारण बंद हो गई थी, को फिर से शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि कुछ समय पहले संजय लीला भंसाली ने ऐलान किया था कि वह सलमान खान के साथ फिल्म इंशाल्लाह में एकजुट होंगे। संजय लीला भंसाली द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। अब खबरें आ रही हैं यह फिल्म दोबारा फ्लोर पर आ गई है और इसमें कास्ट भी सेम ही रहेगी। इन रूमर्स के बीच भंसाली प्रोडक्शंस की सीईओ प्रेरणा सिंह ने रिएक्ट किया है। प्रेरणा सिंह ने कहा, आइडिया यहां है, यह आइडिया पूरा उनका है और वह तैयार है। बता दें कि संजय लीला भंसाली ने आखिरी फिल्म गंगूबाई काठियावाडी निर्देशित की थी। इस फिल्म को 5 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे। केवल इतना ही नहीं इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला है। फिल्म के लिए भंसाली दो अवॉर्ड- बेस्ट स्क्रीनप्ले राइटर और बेस्ट एडिटिंग फिल्म। सलमान खान और संजय लीला भंसाली की जोड़ी की आखिरी फिल्म हम दिल दे चुके सनम थी।

# फेफड़े मजबूत करने के लिए खाएं ब्रोकोली सांस संबंधी बीमारियों से मिलेगा छुटकारा

सांस संबंधी बीमारियां आज के समय में बहुत आम हो गई हैं। प्रदूषण, धूम्रपान, व्यस्त जीवनशैली जैसे कारणों से अस्थमा, ब्रोन्काइटिस, खांसी, सांस की तकलीफ जैसी समस्याएं हमें परेशान करती रहती हैं। ऐसे में, कुछ ऐसे फूड्स खाना बेहद जरूरी हो जाता है जो हमारे फेफड़ों को स्वस्थ रखें और हमें इन तकलीफों से छुटकारा दिला सके। ब्रोकोली को सुपरफूड कहा जाता है। ब्रोकोली में कई ऐसे गुण और पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। खासकर, ब्रोकोली सांस संबंधी समस्याओं जैसे कि अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, खांसी-जुकाम आदि से राहत प्रदान करने में बहुत ही प्रभावी साबित होता है।



## वायु प्रदूषण के हानिकारक तत्वों को रोकता है

वायु प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या बन चुका है और यह हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। विशेषकर, वायु प्रदूषण से हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है।ऐसे में, ब्रोकोली जैसी सब्जियां वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचाव करने में मदद कर सकती हैं। ब्रोकोली में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं जो फेफड़ों की कोशिकाओं को वायु प्रदूषण के कारण होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अलावा, ब्रोकोली में सल्फर भी पाया जाता है जो फेफड़ों को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। इसलिए, ब्रोकोली को अपने आहार में शामिल करना वायु प्रदूषण के खतरों से लड़ने का एक प्राकृतिक और सुरक्षित तरीका है। ब्रोकोली का नियमित सेवन फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रख सकता है।

## सुधारता है सांस प्रणाली को

ब्रोकोली में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो सांस के मार्गो की प्रतिरक्षा को बढ़ाता है। ब्रोकोली के एंटीऑक्सीडेंट फेफड़ों को सूजन और नुकसान से बचाते हैं। इस में फाइबर होता है जो फेफड़ों को साफ करता हैं और श्लेष्मा को पतला करता हैं। ब्रोकोली में सल्फर, कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व भी होते हैं जो फेफड़ों के लिए लाभदायक होते हैं। सांस की समस्याओं से बचने के लिए ब्रोकोली का सेवन कर सकते हैं।

## डेली खाएं एक या दो कर ब्रोकोली

प्रतिदिन एक या दो कप उबली हुई ब्रोकोली खाना सांस से जुड़ी समस्याओं को दूर रखने का एक अच्छा तरीका है।उबली हुई ब्रोकोली में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है, जो फेफड़ों के लिए लाभदायक होता है।ब्रोकोली के फाइबर श्लेष्मा को साफ करते हैं और खांसी-जुकाम से राहत देते हैं। इसमें सल्फर और अन्य पोषक तत्व फेफड़ों को स्वस्थ रखते हैं। इसका नियमित सेवन सीओपीडी, अस्थमा जैसी बीमारियों से बचाता है।

# खतरों के खिलाड़ी 13 ने मेरे अंदर डर का आकलन करने में मदद की : डेजी शाह



खतरों के खिलाड़ी 13 में टीम्स वीक के दौरान दोबारा प्रवेश करने के बाद दूसरी बार एलिमिनेशन का सामना करने वाली एक्ट्रेस डेजी शाह ने कहा कि इस पूरे सफर के दौरान, उन्होंने अपने स्वभाव के बारे में जरुरी बातें नोटिस की है, और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। डेजी की जर्नी शो में एक रोमांचक हेलीकॉप्टर चैलेंज के साथ शुरू हुई। उन्होंने पहले हफ्ते में अरिजीत और ऐश्वर्या से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शो में एलिमिनेशन के खतरे से छुटकारा पा लिया। वह एक क्रेन पर चढ़ी और उन स्थानों पर लगे हुए झंडों को इकट्ठा किया, जो उनके बैलेंस को चैलेंज करते है और चक्कर पैदा करते थे।

उन्होंने बार-बार यह साबित किया कि शो में उनकी किस्मत ने कभी भी साथ नहीं दिया, बल्कि उनके डर से बड़ा होने का दृढ़ संकल्प था। अपने पहले एलिमिनेशन के बाद उन्होंने शो के टीम्स वीक में दोबारा प्रवेश किया और अपनी दूसरी पारी में सफल होने के बाद ही अरिजीत तनेजा द्वारा एलिमिनेशन के लिए नामांकित किया गया। जल्दी बाहर होने के बावजूद, शो में उनका समय प्रेरणादायक था, और उन्होंने प्रतियोगियों शिव ठाकरे और अंजुम फकीह के साथ बहुत अच्छी दोस्ती कर ली।

शो के बारे में बात करते हुए डेजी ने कहा, खतरों के खिलाड़ी 13 के अविश्वसनीय अनुभव के लिए मेरे दिल में केवल आभार है, जिससे मुझे आत्म-खोज हुई। इस शो ने मुझे अपने डर का आकलन करने और उन पर मेरी प्रतिक्रिया जानने में मदद की है। इस पूरे सफर के दौरान, मैंने अपने स्वभाव के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की है और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। मैं उन सभी दर्शकों और मेरे साथी प्रतिभागियों को हार्दिक धन्यवाद देती हूं जो मेरे साथ खड़े रहे, जब मैंने अपनी सीमाएं लांघी तो मुझे प्रोत्साहित किया।

जय हो फेम एक्ट्रेस ने कहा कि वह होस्ट और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी की आभारी हैं। हमारे प्रति उनके अटूट विश्वास ने पूरी तरह से एक नए स्तर की क्षमता को खोल दिया जिसके बारे में हम नहीं जानते थे कि हमारे पास है।

एक्शन मास्टर रोहित के मार्गदर्शन में, रियलिटी स्टंट-बेस्ड शो डेयरडेविल्स की उल्लेखनीय क्षमता और साहस को दर्शाता है। कई आश्चर्यजनक मोड़ों और घबराहट पैदा करने वाली चुनौतियों के साथ, 13वां सीज़न डर और प्रतियोगियों के बीच अंतिम टकराव लेकर आता है। खतरों के खिलाड़ी 13 कलर्स पर प्रसारित होता है।

# दुबई सफारी में नेहा मलिक ने पिंक गाउन पहन करवाया ग्लैमरस फोटोशूट हॉटनेस देख फैंस हुए मदहोश

एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट लुक्स में तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट दुबई सफारी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों दुबई में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। इन तस्वीरों में नेहा मलिक ने पिंक कलर का गउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नेहा मलिक अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए जमीन पर बैठकर फोटोशूट करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।



# अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का टीजर जारी, दिखी सितारों की भीड़

अक्षय कुमार के फैंस को जिस बात का इंतजार था, आखिर वह घड़ी सामने आ गई। उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम 3 का टीजर रिलीज कर दिया गया। वेलकम बॉलीवुड की टॉप कॉमेडी फिल्मों में से एक मानी जाती है, जिसके पहले दो पार्ट्स अब तक हिट रहे हैं। मेकर्स तीसरे इन्सटॉलमेंट से ठहाकों का वही डोज वापस लेकर आए हैं।

वेलकम 3 का ऑफिशियल टाइटल वेलकम टू द जंगल है। इस मल्टीस्टारर मूवी में अक्षय कुमार के अलावा दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा जैसे दिग्गजों की एक्टिंग देखने को मिलेगी। वहीं, लंबे समय बाद रवीना टंडन के फैंस उन्हें भी बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। रवीना और अक्षय लंबे समय बाद एक दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। वेलकम फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त का नाम वेलकम टू द जंगल है। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज, फिरोज नाडियाडवाला और अहमद खान कर रहे हैं। अक्षय के जन्मदिन पर निर्माताओं ने एक दिलचस्प वीडियो के साथ इसका ऐलान किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ग्राम भनसुली में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी में उत्साह का रहा माहौल

**रायपुर।** मंदिरों में लोग भगवान कृष्ण की आराधना में लगे रहे। गांव में यादव समाज के द्वारा मटका फोड का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान श्रीकृष्ण जी की मूर्ति और भवन को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। यादव समाज के अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि यादव समाज के द्वारा लडडू गोपाल का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर सिघांरा व नारियल के व्यंजन तैयार किए गए एवं समाज के महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर और बच्चे श्रीकृष्ण, राधा बनकर गांव में भ्रमण किया गांव में हर्षोल्लास था। इस दौरान जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। यादव समाजिक भवन ग्राम भनसुली आर में श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा कराकर, विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया। यादव समाज के साथ ग्रामवासियों ने सुख समृद्धि की कामना की। पूरी दिन हरे रामा हरे कृष्णा का भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर लुत्फ उठाया। आयोजन के समय यादव समाज के सदस्य देवलाल यादव, सदन यादव, जगतराम यादव, कुलेश्वर यादव, गिरधर यादव, रोहित यादव, राकेश यादव एवं ग्रामवासी शामिल थे।

### विधायक ने स्कूलों में लगवाए वाटर प्यूरीफायर, बच्चों को मिलेगा शुद्ध पानी

**जगदलपुर।** स्कूली बच्चों के सेहत की चिंता करते संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने शहर के 13 स्कूलों में वाटर प्यूरीफायर लगवाए हैं ताकि छात्र- छात्राओं को शुद्ध पेयजल मिल सके। पहले चरण में शहर के हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों का चयन किया गया है। बाद में सरकारी माध्यमिक व प्राथमिक स्कूलों में वाटर प्यूरीफायर लगवाने की योजना है। शनिवार को जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित प्यूरीफायर को लोकार्पित करते विधायक श्री जैन ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सेहत को ध्यान में रखकर स्व प्रेरणा से उन्होने यह पहल की है। पहले चरण में 13 स्कूलों को चयनित कर विधायक निधि से व्यवस्था की गई है, इसे आगामी समय में विस्तार दिया जाएगा। श्री जैन ने कहा कि स्कूली बच्चों को मिल रहे साफ व शुद्ध पेयजल से उन्हें सुकून मिल रहा है। लोकार्पण अवसर पर मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा स्कूली बच्चों ने विधायक श्री जैन की नेकनियती की जमकर तारीफ करते कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी एवं तसल्ली है कि उन्हें जनता की सुध लेने वाला जनप्रतिनिधि मिला है। इन स्कूलों में लगवाए गए वाटर प्यूरीफायर स्वामी आत्मानंद स्कूल, इंदिरा गांधी पुत्री विद्यालय, केवरामुंडा हाई स्कूल, जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पनारापारा हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,एमएलबी क्रमांक दो, धरमपुरा हायर सेकंडरी स्कूल, रेल्वे हाई स्कूल, हाटकचोरा हायर सेकंडरी स्कूल ,भगत सिंह स्कूल, भैरमगंज हाईस्कूल, सदर स्कूल आदि है।

### वन जीवों की सुरक्षा के लिए स्थानीय युवाओं को किया प्रोत्साहित

**जगदलपुर।** ग्राम कोटमसर में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन, यूनीसेफ एफईएस और छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति के सयुक्त तत्वाधान में युवोदय वन मितान (जन मन बन) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएफ वन्यजीव राकेश पाण्डेय , डीएफओ कांगेर घाटी धमशील गणवीर, यूनिसेफ चीफ छत्तीसगढ़ जॉब जकारिया, यूनिसेफ सीफॉरडी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह, सुश्री मंजीत कौर बल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश जैन, यूनिसेफ सलाहकार चंदन कुमार, सचिव छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति मानस बनर्जी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम, प्राकृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, और इसमें स्वयंसेवकों को प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया गया।

### नेशनल लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों के 7298 प्रकरण निराकृत

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नेशनल लोक अदालत अंतर्गत जिले के राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिसमें कुल 7298 निराकृत हुए। इन प्रकरणों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के 27, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले में 3, विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण के 162, अन्य प्रकृति मामले के 749, दान पत्र के आधार पर नामांतरण के मामले 3, वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले के 1, दांडिक प्रकरण के 49, जाति प्रमाण पत्र के 2106, आय प्रमाण पत्र के 1143, निवास प्रमाण पत्र के 2842, जन्म प्रमाण पत्र के 72, मृत्यु प्रमाण पत्र के 34, फौती नामांतरण के 46, बी121 के 36, निजी भूमि पर कब्जा के 1, अपील के 1, अन्य के 23 प्रकरण शामिल है।

# भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता अंतरिक्ष में देश के गौरव के साथ मेल खाती है- डॉ. जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली (पीआईबी)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता अंतरिक्ष में देश के गौरव के साथ मेल खाती है। मंत्री ने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन भारत में ऐसे समय में हो रहा है जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे हैं। शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का झंडा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लहरा रहा है, पहली बार कोई अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरा है।**




तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में देश की उपलब्धियां, जिसमें अग्रणी अनुसंधान एवं विकास की सफलता की कहानी भी शामिल है। दुनिया भर में कोविड टीकों की सराहना की जा रही है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की थीम 'वसुधैवकुटुम्बकम्' की भावना के अनुरूप, दुनिया आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के मंत्र को स्वीकार करती है।

नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर दूरदर्शन को दिए एक साक्षात्कार में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत कई मायनों में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र सहित भविष्य के किसी भी विज्ञान प्रयास के लिए दुनिया के सभी हितधारक देशों को एक साथ आने की आवश्यकता होगी।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, अगर हमें इससे आगे जाना है, तो हमें सामूहिक रूप से आगे बढ़ना होगा, क्योंकि हम वैश्विक दुनिया का हिस्सा हैं। इसलिए आगे कोई भी विकास बहुत अधिक विस्तारित एकीकरण में होना चाहिए। यहां से विकास की मुख्य विशेषता यह होगी कि यह काफी हद तक प्रौद्योगिकी संचालित होगा।

यह रेखांकित करते हुए कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के बराबर गति पर है, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, नासा चंद्रमा पर उतरने वाला पहला संस्थान हो सकता है, लेकिन यह भारत का चंद्रयान-1 था जिसने संभावित साक्ष्य जुटाए। चंद्रमा पर पानी के अणु और अब चंद्रयान-3 पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है।उन्होंने कहा, चंद्रयान को दुनिया भर के पूरे वैज्ञानिक समुदाय द्वारा देखा जा रहा है क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि वहां से कुछ नए निष्कर्ष एकत्र किए जाएंगे, जिनमें से अधिकांश चंद्रयान-3 से हैं क्योंकि यह एक अछूते क्षेत्र में चला गया है, तो जाहिर है, वहां से आने वाले इनपुट, निष्कर्ष अन्य सभी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ-साथ उनकी भविष्य की परियोजनाओं और योजना के लिए भी उपयोगी होंगे।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रि मोदी की हाल की संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित सभी समझौते प्रौद्योगिकी आधारित थे। इनमें आर्टेमिस समझौते से लेकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए संयुक्त अभियान और भारत द्वारा सेमीकंडक्टर कंसोर्टियम पर हस्ताक्षर जैसे समझौते शामिल हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसरो ने 380 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं, यूरोपीय और अमेरिकी उपग्रहों को लॉन्च करके क्रमश: 250 मिलियन यूरो और 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत की समग्र अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज लगभग 8 बिलियन की है, यानी वैश्विक (बाज़ार हिस्सेदारी) का 2 प्रतिशत, लेकिन पूरी दुनिया बढ़ी हुई गति को पहचान रही है और यही कारण है कि 2040 तक पारंपरिकअनुमान के अनुसार40 बिलियन का है, लेकिन बाद में हमारे पास एडीएल (आर्थर डी लिटिल) रिपोर्ट थी, जिसमें 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

इसलिए हमने बहुत तेजी से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, हम अभी भी खुद के मूल्यांकन में पारंपरिक हैं, लेकिन दूसरों का आकलन बहुत, बहुत अधिक है, जिसका मतलब है कि हम वास्तव में सही मुकाम तक आ गए हैं।

# भूपेश सरकार ने एमसीबी को दिया हकः गुलाब कमरो



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रथम स्थापना दिवस की वर्षगाठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने उपस्थित जनों को नव गठित जिला एमसीबी बनने पर शुभकामनाएं दी।**

श्री कमरो ने कहा कि जिला बनने से क्षेत्र की जनता को अब कोरिया जिले पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। अब जिला स्तर पर होने वाले सभी प्रकार के काम एमसीबी में होने लगा है। इससे क्षेत्र की जनता की समय, परिश्रम, अर्थ में होने वाले खर्च की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की आवश्यकता और जरूरत को ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार के विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र की जनता की बहुप्रतिक्षित मांग को सरकार गठन होने के बाद पूरा किया। इसके लिए जिलेवासियों की ओर से मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय बिसाहू दास महंत, सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। विधायक श्री कमरो ने कहा कि नव गठित जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिसे समय के साथ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष के छोटे अंतराल में जिले में हुए विकास कार्यों को देखने को मिला है। जिले में हुए विकास की झलक यहाँ के लोगो के चेहरे व मुस्कान में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मनेंद्रगढ़ के विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि भूपेश सरकार ने इस जिले को बहुत कुछ दिया है। मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, नए तहसील, नए नगर पंचायत आदि की सौगात दी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल किसानों के हितों में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। जिससे किसानों की माली हालत सुधरी है।

# यूथ कनेक्ट फेस्टिवल में शामिल हुए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जशपुर द्वारा आयोजित यूथ कनेक्ट फेस्टिवल में पहुंचे प्रतिभागी प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कर रहे हैं। आयोजन स्थल देशदेखा में वॉक, मेडिटेशन के साथ कई ग्रुप एक्टिविटी कराया जा रहा हैं। वही रात्रिकालीन कैंपिंग के दौरान प्रतिभागियों ने प्रकृति के बीच रहकर उसका सौंदर्य दे रहे हैं और प्रकृति और पर्यावरण को बारीकी से भी समझ रहे हैं । इस बीच कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल भी फेस्टिवल में पहुंचकर सभी प्रतिभागियों से रूबरू हुए । अपने बीच कलेक्टर को पाकर सभी प्रतिभागी बहुत ही खुश नजर आये । खुशी युवाओं के चेहरे पर साफ झलक रही थी। इस दौरान कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्रतिभागियों के साथ ग्रुप एक्टिविटी में हिस्सा लिया । साथ ही प्रतिभागियों के साथ ही महिला समूह द्वारा बनाये गए दोना-पत्तल में डिनर किया । इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों के साथ कैंप के इर्द-गिर्द बोनफायर के पास बैठकर के सुखद समय व्यतीत किया। कैंपिंग में खास आकर्षण का केंद्र यहाँ के दोनों-पत्तल और स्थानीय व्यंजन हैं । ग्रुप एक्टिविटी के दौरान



आज प्रतिभागियों ने अपने हाथों से दोनों-पत्तल बनाने सीखा साथ कई प्रतिभागियों ने यहाँ की पारंपरिक गोदना बनवाने के साथ अन्य गतिविधियां की । दरअसल कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले को पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल में से एक देशदेखा में चार दिवसीय यूथ कनेक्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जहाँ ग्रुप एक्टिविटी, संगीत सत्र के साथ कैंपिंग, ट्रैकिंग, स्टोरी टेलिंग और भ्रमण सहित कई गतिविधियाँ शामिल हैं।

# अपनी राजनीति चमकाने राजभवन गए भाजपा नेता - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अपनी राजनीति चमकाने राजभवन गए भाजपाइयों की हकीकत छत्तीसगढ़ की जनता जानती है। भाजपा नेताओं के बदनियती के चलते ही जन सरोकार के सर्वाधिक महत्वपूर्ण, आरक्षण विधेयक 9 महीने से अधिक समय से उसी राजभवन लंबित है। भाजपाईयों के षडयंत्र के चलते ही छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी को उसके शिक्षा और रोजगार के अधिकार को प्रभावित करने वाला 76 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखा गया है। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के षडयंत्रों के चलते ही नवीन आरक्षण विधेयक, जिसमें छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 प्रतिशत और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सामान्य वर्ग (ईडब्लूएस) के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था



है। वह पिछले 9 महिने से राजभवन में कैद है। आए दिन तथ्यहीन, आधारहीन आरोप लगाकर बात-बात पर राजभवन जाते हैं, वे यह क्यों नहीं बताते की आरक्षण से इतनी नफ़रत क्यों है? छत्तीसगढ़ में मुद्दाविहीन भाजपाई संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए करते रहे हैं। यदि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को जन सरोकारों से मतलब होता तो महामहिम राज्यपाल से आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करने की अपील करते।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केवल अपने राजनीति एजेंडे को पूरा करने ही भाजपाई आज राजभवन गए थे। भाजपा के उस प्रतिनिधि मंडल में धरम लाल कौशिक और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव मौजूद थे जो स्वयं ही ओबीसी वर्ग से आते हैं लेकिन महामहिम राज्यपाल से यह नहीं पूछा कि छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग को 27 परसेंट आरक्षण देने वाला विधेयक 2 दिसंबर 2022 से आज तक लंबित क्यों है? अनुसूचित जाति के भी भाजपा के पूर्व मंत्री पुन्नुलाल मोहले, कृष्णमूर्ति बांधी और दयाल दास बघेल शामिल थे, लेकीन यह नहीं पूछा कि अनुसूचित जाति के लिए बढ़ाए गए आरक्षण के प्रावधान हेतु नवीन आरक्षण विधेयक पर महामहिम का हस्ताक्षर कब होगा? पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने यह नहीं पूछा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सामान्य वर्ग के लोगों के आरक्षण की व्यवस्था भी विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित नवीन आरक्षण विधेयक में किया गया है, लेकिन विगत 9 महीने से अधिक समय से लंबित क्यों है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहा है कि भाजपा मूलत: सामाजिक न्याय विरोधी है, आरक्षण विरोधी है, असलियत यही है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के इशारे पर ही जन सरोकार के सबसे महत्वपूर्ण 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक राज भवन में लंबित रखा गया है। सर्वविदित है कि जहां-जहां भाजपा विपक्ष में है वहां वे राजभवन को अपनी पार्टी कार्यालय के रूप में संचालित करते है। भाजपाई नहीं चाहते की छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को उनका अधिकार मिले।

# जशपुर के बाजारडांड़ में निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर। जिला में आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष पॉलीक्लीनिक, आयुषविंग, स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर, आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय, सीएचसी,पीएचसी में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी संस्था संचालित है। जिसके माध्यम से पंचकर्म क्रिया के द्वारा रोगियों को ईलाज करके नि:शुल्क औषधि वितरण किया जा रहा है।**



आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में विगत सप्ताह में कुल 3325 रोगियों को औषधि वितरण कर नि:शुल्क उपचार किया गया साथ ही पंचकर्म क्रिया नाड़ी स्वेद, सर्वांग स्वेद, नस्य एवं शिरो धारा के द्वारा 85 रोगियों की चिकित्सा की गई। विभाग द्वारा मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, ज्वर, संधिवात, त्वक विकार, पाददाह, गृध्रासी, जीर्ण श्वास रोग, दौर्बल्यता, जीर्ण काश रोग एवं उदर रोग की सफलता पूर्वक चिकित्सा की गई। साथ ही हाट बाजार एवं सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से 135 रोगियों की चिकित्सा की गई।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 03 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित है। जहां संस्थाओं में 122 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया गया है। साथ ही 45 हितग्राहियों को काढ़ा वितरण कराया गया। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से पाम्पलेट द्वारा भी लोगों को अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार हेतु सफलता पूर्वक जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत् दिवस माह जशपुर विकासखण्ड के बाजारडांड़ में नि:शुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से रोगियों का नि:शुल्क औषधि वितरण कर ईलाज किया गया। जिला स्तरीय शिविर प्रभारी डॉ. दीपक एक्का विशेषज्ञ चिकित्सा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, त्वक रोग, स्त्री रोग, शिरो रोग, मनो रोग, गठिया वात, हांथ पैर का सूजन, जोड़ों में दर्द, कमर का दर्द, बाल रोग, ज्वर, सर्दी जुकाम, अतिसार, नेत्र रोग, पांडू रोग, हृदय रोग, मधुमेह, अर्श रोग, स्थौल्य रोग आदि रोगों का विशेष रूप से चिकित्सा की गई। शिविर में आयुर्वेद पद्धति से कुल 365 मरीज एवं होम्योपैथी पद्धति से कुल 162 मरीजों की चिकित्सा की गई। इस प्रकार कुल 527 मरीजों की चिकित्सा की गई एवं 48 रोगियों का रक्त परीक्षण किया गया।

### राधा-कृष्ण के स्वरूप में बच्चों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ पावरसिटी जमनीपाली के द्वारा पहली बार दर्री जमनीपाली क्षेत्र के बच्चो के लिए कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें तीन केटेगरी में कृष्ण राधा बनो प्रतियोगिता रखा गया। इस प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण का वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश अग्रवाल ;प्रगति केमिकलद्ध विशिष्ट अतिथि दशरथ शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डी डी अग्रवाल उपस्थित थे। जज में श्रीमती शशि देशमुख एवं श्रीमती ज्योति शर्मा थी। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने कृष्ण एवं राधा की वेशभूषा पहनकर आकर्षक नजर आ रहे थे। जजों ने कहा कि हमें निर्णय लेना बहुत मुश्किल हो रहा है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### देशी पिस्टल लेकर घुम रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा, कार्रवाई कर भेजा जेल

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के मील चाल रोड पर देसी पिस्टल लेकर लोगों को चमका रहे युवक को सीटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक देसी पिस्टल लेकर घूम रहा था।

आगामी विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण करने हेतु असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद से अवैध देसी पिस्टल रख रखी थी। आरोपी युवक सुनील निषाद मील चाल रोड पर पिस्टल लेकर घूम रहा है। आस पास के लोगों में दहशत हो गई थी। थाने से स्टाफ भेजकर घेराबंदी कर युवक को मौके पर पिस्टल के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने युवक पर धारा 25 एक्ट के तहत कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पूरे मामले का खुलासा राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर किया।

### बुजुर्ग दंपति की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला कोर्ट के एडीजे पंकज कुमार सिन्हा ने बुजुर्ग दंपति की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि यह फैसला मात्र साढ़े चार माह के भीतर आया है। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक सूरज कुमार मिश्रा ने बताया कि यह घटना 20 अप्रैल 2023 को बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम सीलघट की है, जहां आरोपी ने उधार की राशि मांगे जाने पर बुजुर्ग की हत्या की थी।

उन्होंने बताया कि आरोपी कन्हैया मरकाम पिता सुखलाल मरकाम उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम सीलघट थाना बेरला, जिला बेमेतरा ने बुजुर्ग सुखीराम निषाद व उसकी पत्नी श्यामवती निषाद की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। इस मामले में बेरला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान हत्या का कारण मृतक बुजुर्ग द्वारा आरोपी कन्हैया मरकाम को दिए गए उधार की राशि की मांगे जाना था। पुलिस ने आरोपी को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में चली सुनवाई के बाद आरोपी को आजीवन कारावास व एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।


### नशे में धुत युवक ने मोबाइल की दुकान में घुसकर दिखाई चाकू विडियो वायरल होने के बाद आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** जिले के तारबाहर थाना क्षेत्र मे एक युवक दुकान पर चाकू लेकर पहुंचा और काउंटर पर चाकू मारने लगा। घटना से ग्राहक और दुकानदार दहशत मे आ गये जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले मे तारबहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहार थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया की पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो मिला था जिसमें एक युवक मोबाइल दुकान के भीतर पहुंचकर उसके काउंटर में चाकू मार रहा था इसके साथ ही मोबाइल पर चाकू से वार करते हुए उसे तोड़ते भी वीडियो में दिख रहा था जिसके कारण आसपास के ग्राहक और कर्मचारी दहशत में आ गए थे। जब इस वीडियो की जांच कराई गई तो पता चला कि यह वीडियो बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड राजीव प्लाजा के पास स्थित एक मोबाइल दुकान का था। जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी की तलाश करना शुरू कर दिया। जिसमें पता चला कि मिनी बस्ती के रहने वाले समीर कुमार डिंडोरे पिता विष्णु प्रसाद को पकड़ा गया। जिसके पास से बटन दार चाकू जब्त किया है। बताया जा रहा है की घटना के समय युवक नशे की हालत मे था।

# एसीबी कोर्ट का मुहर्रिर बताकर दुर्ग कोर्ट के वकील से ठगी

**बातों में उलझाकर की ठगी, मोहन नगर पुलिस ने शुरू की जांच**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** ऑनलाइन ठगी करने वालों के झांसे में आम आदमी तो क्या अब वकील भी आने लगे हैं। ताजा मामले में दुर्ग जिला न्यायालय का वकील ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। शातिर ने वकील के मोबाइल पर कॉल करके ठग ने खुद को एंटीकरप्शन कोर्ट का मोहर्रिर बताया। उसने कहा कि वो उसे जानता और रोज कोर्ट में मिलता है। इसके बाद झांसे में लेकर वकील के खाते से सवा लाख रुपए पार कर दिए। ठगे जाने के बाद वकील ने इस मामले में मोहन नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हनुमान नगर तीतुरडीह दुर्ग कोर्ट के वकील बलराम सिंह ठगी का शिकार हुए हैं। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 सितंबर 2023 की शाम 4.30 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को एंटीकरप्शन न्यायालय का मोहर्रिर बताया। कॉल करने वाले ने वकील को अपनी समस्या बताई और कहा कि उसे पैसों की बहुत आवश्यकता है। बाहर से कुछ पैसे आने वाले हैं, लेकिन ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए मेरी मदद करिए। जो रकम आने वाली है, उसे अपने खाते में लेकर ट्रांसफर कर दीजिए।

#### शातिर के झांसे में आया वकील

ठग ने वकील को ऐसे फंसाया कि वह उसके झांसे में आ गया। इसके बाद बातों में फंसाकर शातिर ने उसका बैंक डीटेल ले लिया। वकील ने भी खुशी-खुशी उसे अपनी बैंक की सारी जानकारी दे दी। वकील ने बताया कि ठग ने उसे विश्वास दिलाने के लिए उसके खाते में दो बार 10-10 रुपए भेजे। इसके बाद वकील को लाइन में लिए लिए 2 घंटे तक बात किया। वकील से अपने खाते में पैसे ट्रांसफर करवाता रहा और उसे अपनी बातों में उलझाये रखा।

शातिर से वकील को बातों में फंसाकर उससे 25 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। जबकि उसके वालेट में किसी प्रकार की रकम नहीं आई। वकील व ठग के बीच शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक बात होती रही। इस बीच जब वकील ने कहा कि, उसके वॉलेट में रकम नहीं आई है तो ठग ने कहा कि ट्रांजैक्शन अटका हुआ है। इतना बताकर 1 लाख 23 हजार 990 रुपए ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद उसने फोन काट दिया और स्विच ऑफ कर लिया। जब वकील के खाते में पैसे नहीं आए तो उसे ठगी का अहसास हुआ और वह थाने पहुंचा। इस मामले में मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# घर से भागे प्रेमी जोड़े को लेकर आ रही थी पुलिस चित्रकूट रेलवे स्टेशन पर मिला युवक का शव

**कबीरधाम ( ए )।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत दामापुर पुलिस चौकी के सामने आज सुबह से तनाव पूर्ण स्तिथि बनी हुई है। दरअसल, क्षेत्र के एक युवक की लाश यूपी के चित्रकूट रेलवे ट्रैक पर मिली है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सुबह 5 बजे से दामापुर पुलिस चौकी के सामने शव रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं।



पुलिस के अनुसार, युवक अपनी प्रेमिका को लेकर लखनऊ यूपी भाग गया था। इस मामले में लड़की के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। 5 सितंबर को दोनों प्रेमी जोड़े को लेने के लिए पुलिस व परिजन लखनऊ यूपी गए हुए थे। जब ये वापस छत्तीसगढ़ आ रहे थे तो 7 सितंबर की शाम युवक चित्रकूट रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

अब मृतक के परिजनों का आरोप है कि लड़की के पिता ने ही उनके लड़के को चलती ट्रेन से धक्का दिया है। युवक के शव को आज शनिवार को यूपी से लाया गया है, जिसके बाद से ही शव को रख कर प्रदर्शन किया जा रहा है। परिजनो की मांग है कि लड़की के पिता समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई हो।

#### गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

पंडरिया एसडीओपी पंकज पटेल ने बताया कि यह मामला टाटाकसा गांव है। पूरे घटनाक्रम को लेकर यूपी के मारकुंडी थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस मृतक के परिजनों को समझाने में लगी है। वहीं, दूसरी तरफ प्रेमी जोड़े भी अलग-अलग समाज के हैं। इस कारण गांव में तनाव की स्तिथि बन सकती है। यही कारण है कि भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए है। जिला मुख्यालय कवर्धा से भी अतिरिक्त पुलिस बल भेजा जा रहा है।

# बीजापुर में दो नक्सलियों ने किया सरेंडर अपने ही साथियों की प्रताड़ना से थे तंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में दो नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दोनों ने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में उसूर एरिया कमेटी अन्तर्गत गलगम आरपीसी मिलिशिया सदस्य मंगू नुप्पो और गलगम सीएनएम सदस्य हड़मा नुप्पो शामिल है। बीजापुर एसपी के समक्ष दोनों ने सरेंडर किया। सरेंडर करने के बाद दोनों ने बताया कि वे अपने ही साथियों की प्रताड़ना से तंग थे।




मिली जानकारी के अनुसार गलगम आरपीसी मिलिशिया सदस्य मंगू नुप्पो पिता जोगा नुप्पो (26) निवासी गलगम वेंगुपारा थाना उसूर जिला बीजापुर और गलगम सीएनएम सदस्य हड़मा नुप्पो पिता कोसा नुप्पो (22) निवासी वेंगुपारा थाना उसूर ने माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से तंग आकर नक्सवाद के रास्ते को छोड़ दिया।

सरेंडर करने वाले माओवादी वर्ष 2019 में उसूर-गलगम मार्ग पर गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल थे। संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने और भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर दोनों ने छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर सरेंडर कर दिया। माओवादी द्वारा आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25000 -25000 रुपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि दी गई है।

# रायपुर के नाले में बह गया युवकः 10 साल के बच्चे ने डूब रहे 2 युवकों को बचाया, 3 लोगों के साथ गया था नहाने

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के धरसींवा स्थित कोल्हान नाला में शनिवार को तीन युवक और एक बच्चा नहाने के लिए गए थे इस दौरान तीनों डूबने लगे। यह देखकर बच्चे ने दो युवकों को पकड़ लिया, लेकिन तीसरा बह गया। उसकी तलाश जारी है।



जानकारी के मुताबिक, गोढ़ीखार गांव के बीच से कोल्हान नाला गुजरता है। जहां 20 से 25 साल के तीन युवक और 10 साल का एक बच्चा घूमने गए थे। इस बीच गोढ़ी से करीब 4 किलोमीटर दूर वे नाला में नहाने के लिए उतरे।

नहाते वक्त अचानक गहराई में चले गए और डूबने लगे। यह देखकर बच्चे ने दो युवकों का हाथ पकड़ लिया और खींचा। जबकि एक युवक आगे नाले में बह गया। बचाए गए युवक के पेट में पानी भरने से उसे अस्पताल भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि पानी में डूबने वाला युवक गोढ़ी गांव में मेहमान बनकर आया था। गांव वालों का कहना है कि युवक नशे की हालत में थे। घटनास्थल के आसपास शराब की बोतलें भी मिली हैं। अभी तक युवकों की पहचान नहीं हो सकी है।

# बुजुर्ग महिला को झांसा देकर ठगी, जेवर लेकर फरार

**भिलाई।** रायपुर से राजनांदगांव जा रही एक बुजुर्ग महिला ठगी का शिकार हो गई। एक महिला ठग रायपुर से उसके साथ दुर्ग के लिए बैठी। रास्ते में उसने शासकीय योजना से इलाज करवाने का झांसा दिया। इसके बाद ठग ने जांच के नाम पर बुजुर्ग के पहने गहनों को उतरवाया और उसे लेकर चंपत हो गई। दुर्ग कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव के ग्राम खजरी निवासी देवकी ठाकुर (60 साल) ने ठगी की शिकायत की है। उसने बताया कि वे रायपुर शासकीय योजना के जरिए अपना इलाज कराने के लिए गई थी। वहां उसका काम नहीं हुआ तो वो वापस राजनांदगांव के लिए निकली। उसने रायपुर से दुर्ग के लिए बस पकड़ी। उसी दौरान एक महिला ठग ने उसका पीछा किया। महिला ठग भी रायपुर से दुर्ग जाने वाली उसी बस में सवार हो गई। वह बुजुर्ग महिला के साथ ही दुर्ग बस स्टैंड में उतर गई। इस दौरान उसने देवकी से जान पहचान बढ़ाई और उसे झांसा दिया कि बुजुर्गों के लिए सरकार ने पेंशन योजन शुरू की है।

# खेत में नर हाथी का संदेहास्पद हालत में मिला शव, करेंट से मौत होने की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में रविवार की सुबह खेत मे नर हाथी का शव मिलने से वन महकमें से लेकर ग्रामीण अंचल में हड़कंप मच गया है। मृत हाथी की सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई, जिससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। वन महकमा प्रथम दृष्टया करंट से हाथी की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र मेंढरमार कालोनी में कुछ दिनों से हाथियों की आवागमन कुछ ज्यादा ही बढ़ गया था। इस बीच रविवार सुबह मेंढरमार के किसान अपने अपने दिनचर्या में लगे हुए थे। इस दौरान देव सिंह राठिया के खेत मे संदिग्ध परिस्थितियों एक नर हाथी मृत अवस्था मे नजर आया। इसके बाद उसने अन्य किसानों को इसकी सूचना दी। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों सूचित किया गया।

जब तक वन अमला मौके पर आता तब तक मिडिल मार्च में आसपास के आधा-दर्जन गांव के सैकड़ो ग्रामीण जन मौके पर उमड़ गए। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर आई और जांच पड़ताल में जुट गई। ग्रामीण जन व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया करेंट से नर हाथी की मौत होने की आशंका जताए है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हाथी के मौत के कारणों का पता चल सकेगा। इधर जिस शख्स के खेत में शव मिला उसका मालिक कानूनी कार्रवाई के डर से परेशान है।

# वाहन चेकिंग के दौरान कार से मिले 6 लाख, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को 6 लाख रुपए मिले हैं। पुलिस पूछताछ में रकम ठेकेदारी की और लेबर पेमेंट करने की जानकारी दी गई। लेकिन रुपए का स्त्रोत नहीं मिला। जिसके कारण पुलिस ने रकम जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा मामला कोटा के बेलगहना चौकी का बताया जा रहा है।




दरअसल, जिले के बेलगहना चौकी क्षेत्र के नाका में पुलिस के द्वारा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए संदिग्ध और अवैध समानों के परिवहन के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी। इसी के तहत वाहनों की भी चेकिंग की गई थी। तभी शनिवार को केन्दा नाका के पास मुखबिर की सूचना से पुलिस को सूचना मिल गई थी।

एमपी 04 जे ई 3339 एम जी ग्लोस्टर कार सवार संदिग्ध परिस्थिती में है। इस पर पुलिस सहायता केंद्र के स्टाफने गाड़ी को रोककर चेकिंग की। इस दौरान गाड़ी मे मौजूद ए.सत्यनारायण प्रसाद पिता रामा कोटईया बिला नंबर 07 लहरी, अकार्ड विलास साई सागर जिला तिरुमलाईगिरी जिला हैदराबाद तेलंगाना के पास से एक लाल प्लास्टिक थैले में 500 रुपये के सौ-सौ नोटों के 12 बंडल थे। जिसमें 500 रुपये के 1200 नोट करीब छह लाख रुपये रखे थे। रुपये रखने के संबंध में उससे पूछताछ करने पर बताया कि वह रेलवे में ठेकेदार है और लेबर की पेमेन्ट लेकर जा रहा है। लेकिन जब उससे रकम के स्त्रोत के संबंध में पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। संतुष्ट जवाब और वैध दस्तावेज पेश नहीं करने के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की।

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### बीएसपी ने परियोजना विभाग ने सुरक्षा सजगता पुरस्कार समारोह का किया आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग द्वारा दिनांक 09 सितम्बर 2023 को प्रोजेक्ट एक्सपांशन भवन के सभागार में आयोजित समारोह में परियोजना कार्यों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम में 05 महिला श्रमिकों सहित कुल 21 श्रमिकों को सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं, कार्मिक एवं प्रशासन) सुब्रत मुखोपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखोपाध्याय ने परियोजना कार्यों में सुरक्षा सजगता के कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं उपस्थित श्रमिकों से सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए कार्य करने का आव्हान किया। पुरस्कार की तीन श्रेणियों, सुरक्षा सर्वोच्च, सुरक्षा अनमोल एवं सुरक्षा दक्ष में बांटा गया था। पुरस्कार के रूप में श्रमिकों को क्रमशः रु 3000.00, रु. 2000.00 एवं रु 1000.00 समतुल्य घरेलु सामग्री प्रदान की गयी। ज्ञात हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यों के दौरान विभिन्न प्रकार की सुरक्षा अवहेलनाएं, जो ठेका कंपनियों या फिर ठेका श्रमिकों द्वारा किया जाता है उसके एवज में दंड स्वरूप नियमानुसार निर्धारित रकम वसूल किया जाता है, उसे ही सुरक्षित ढंग से कार्य करने वाले श्रेष्ठ ठेका कर्मियों को इस पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

### रीपा केन्द्रों में उत्पादित उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी को लोगों ने काफी सराहा

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विगत शिक्षक दिवस के अवसर पर संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा पाटन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में जिले के रीपा केन्द्रों में निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान 10 रीपा केन्द्रों से उत्पादित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमें फुण्डा का कंप्रेस्ड ऑयल, कुर्मीगुण्डरा का मिलेट्स उत्पाद, सांकरा का हर्बल गुलाल, असोगा का पॉवरलूम कपड़े, अंजोरा का पेंट जार, कातरों का स्टेशनरी, ढाबा का गारमेंटस, दानिकोकड़ी का फ्लाई ऐश ब्रिक्स, पुरदा का बनाना चिप्स, मोहंदी का एलईडी बल्ब और ट्यूबलाईट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसको आमजनता ने काफी सराहा।

### विधानसभा निर्वाचन-2023 : गठित दलों का प्रशिक्षण 13 को

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के सुचारू संचालन हेतु जिले में ईईएम (एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, एकाउण्ट टीम) का गठन कियागया है। उक्त गठित दलों को दिवाकर राठौर, संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन एवं नोडल अधिकारी ईईएम द्वारा बीआईटी ऑडियोटोरियम में 13 सितम्बर को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम पाली में प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.45 तक एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय पाली में प्रातः 1 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक वीवीटी, एईओ, एकाउण्ट टीम दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट आदेश देते हुए प्रशिक्षण में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित तिथि, समय व स्थान में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### निगम को 15 सितंबर तक का अल्टिमेटम

# जनहित के 18 मुद्दों का समाधान नहीं हुआ तो करेंगे महा धरना प्रदर्शन : दया सिंह



श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** सड़क, नाली, पानी समेत 18 जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा ने पिछले दिनों निगम मुख्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया और इस समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। इसके बाद भी अब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। इसे लेकिन भाजपा के पार्षद व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने निगम को 15 सितंबर तक का अल्टिमेटम दिया है। शनिवार को दया सिंह ने प्रेसवर्ता में कहा कि यदि 15 सितंबर तक इन जनहित के मुद्दों का समाधान नहीं किया जाता तो भिलाई में इतिहास का सबसे बड़ा महाधरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कहा था कि, कांग्रेस की शहर सरकार भ्रष्ट हो गई है। 18त्न कमीशनखोरी के साथ ये सब चल रहा है। अब बर्दाश्त से बाहर है। शहर सरकार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे। दया सिंह ने कहा कि, 18 अलग-अलग बिंदुओं पर पिछले दिनों चर्चा हुई थी।

जिसके समाधान के लिए आश्वासन दिया गया था। लेकिन हम असंतुष्ट है। दया सिंह ने कहा कि, शहर के अलग-अलग वार्डों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं व्याप्त है। लोगों को छोटी-छोटी चीजों के लिए दो-चार होना पड़ रहा है। गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है। शहर की अंदरूनी सड़कों का बुरा हाल है। सफाई व्यवस्था चौपट है। स्ट्रीट पोलों पर लाइट नहीं है। इस तरह की विभिन्न समस्या है। अब अगर समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### दया सिंह ने इन समस्याओं का सौंपा था ज्ञापन

- टाउनशिप को छोड़ दें तो शहर के अन्य इलाकों खम्हरिया, कोहका, कुरुद, वैशालीनगर, कैंप, छावनी और खुर्सीपार में पेयजल संकट गहरा गया है। टैंकर से इन वार्डों में पेयजल आपूर्ति करें। भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें।
- शहर की सफाई का खर्चा बढ़ गया है लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी है। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। ठेका एजेंसी की मॉनीटरिंग करनी चाहिए।
- सफाई कार्य में जुटे मजदूरों के साथ शोषण भी हो रहा है। उनका पीएफ, ईएसआईसी नहीं काटा जा रहा है। मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।
- शहर की अंदरूनी सड़कों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे है, जहां चलना दूभर हो गया है। उन सड़कों का निर्माण किया जाए।
- खुर्सीपार क्षेत्र में पानी के लिए संपवेल की व्यवस्था होनी चाहिए। क्योंकि सप्लाई प्रॉपर नहीं हो रही है ।खुर्सीपार में बिजली कटौती भारी हो रही है। इसका समाधान निगम प्रशासन को करना चाहिए।
- खुर्सीपार में बिजली कटौती भारी हो रही है। इसका समाधान निगम प्रशासन को करना चाहिए।
- कैंप में पेयजल संकट है। अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बावजूद पानी घर तक नहीं पहुंचा है। जो संकट है।
- छावनी में कैमिकल युक्त गंदे पानी की आपूर्ति संपवेल से हो रही है। उन संपवेलों को बंद कर पाइप लाइन बिछाई जाए।
- सुपेला रोड की स्ट्रीट लाइट बंद है। जबकि, सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए।
- शहर में अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। लोगों की गाढ़ी पूंजी को जमीन माफिया हथिया रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। शहर में कितने अवैध प्लॉटिंग एरिया है। इसकी पहचान होनी चाहिए।
- हुडको, वैशालीनगर, शांतिनगर और कैंप-खुर्सीपार में सीवरेज लाइन की बड़ी समस्या है। इसका समाधान आवश्यक है। क्योंकि, सालों पूर्व कॉलोनियों में सीवरेज पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया।
- श्रमिक बस्ती और आउटर के वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए। इसके लिए निगम को देरी नहीं करना चाहिए। यह आवश्यक चीज है। इससे अपराध पर अंकुश लगेगा।
- शहर के उद्यानों का बुरा हाल है। मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से उजाड़ पड़ा हुआ है। शहर के सभी सेक्टर और वार्डों में उजाड़ पड़े गॉर्डनों का मेंटेनेंस बिना देरी किए शुरू करना चाहिए।
- प्रॉपर्टी टैक्स की जो छूट उद्योगपतियों को दी गई है। वही छूट शहर के गरीब और श्रमिक इलाकों में रहने वाले गरीब जनता को भी देनी चाहिए। इससे भेदभाव साफझलक रहा है। जो ठीक नहीं है।
- शहर के निर्माण कार्यों में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें है। सेक्टर-7 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मामले में अब तक जांच रिपोर्ट का पता नहीं। संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं हुई है।
- टाउनशिप के सेक्टरों में सफाई बुरा हाल है। डेंगू जैसे संक्रमण का खतरा बढ़ा हुआ है। अगर वहां सफाई नहीं सुधारी गई तो हालात मुश्किल हो जांएगे। बीएसपी की सफाई का जिम्मा निगम खुद अपने ऊपर लें।
- नगर निगम भिलाई की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे में कर्मियों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। इसलिए व्यवस्था दुरूस्त की जाए, जिससे कर्मियों को भुगतान में देरी न हो। क्योंकि, निगम कर्मियों की वजह से ही निगम काम करेगा।
- सड़क, नाली और सफाई व पानी जैसे विषयों पर काम करने के लिए अलग से सेल का गठन हो। अलग से समिति बनाई जाए। इस समिति में भाजपा पार्षदों को भी रखा जाए। जिससे सुचारू रूप से तर्क दिया जा सके।

## जी20 भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते खोलेगा: भसीन


श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन जो कि दिल्ली में आयोजित हो रहा है अपनी तरह का एक अनोखा अंतरराष्ट्रीय आयोजन है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते खोलेगा। सभी व्यापारी शिखर सम्मेलन में होने वाले निर्णय का इंतजार करेंगे। अजय भसीन ने बताया कि इस सम्मेलन में लिए जाने वाले निर्णय को समझने, अध्ययन करने व व्यापारी समुदाय के बीच फैलाने के लिये चेम्बर की एक समिति गठित की गई है। अजय भसीन ने बताया कि जी20 में विचार विमर्श के परिणाम स्वरूप व्यापारियों को एफ एम सी जी उत्पादों,कम्प्यूटर व उसके बाह्य उपकरणों,संचार उपकरण, खिलौने,भारतीय हस्तशिल्प संबंधित निर्यात व्यापार में बड़ी वृद्धि की उम्मीद है। भारत की यह पहल देश को ऊंचा स्थान दिलाएगी।ऐसी अभिलाषा के साथ शीर्ष नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करते है। भिलाई चेम्वर के महेश बंसल,जेपी गुप्ता,मनोज बक्तानि ,विनय सिंह ,सुनील मिश्रा, शिवराज शर्मा व अनेक व्यापरियों ने जी20 शिखर सम्मेलन की शुभकामनाएं दी।

### सेक्टर 4 में निरंतर टैंकरों द्वारा किया जा रहा पानी की सप्लाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** विधायक देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार वह भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल के सहयोग से सेक्टर 4 वार्ड 58 में निरंतर जल प्रहरी बन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार पानी का वितरण टैंकरों द्वारा किया जा रहा है। जिस दिन से सेक्टर 4 मैं पानी की टंकी ध्वस्त हुई उसी दिन से एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि होने के नाते भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने युद्ध स्तर पर पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनता के बीच उतर जाने का निर्णय लिया महापौर नीरज पाल से निवेदन कर टैंकरों की व्यवस्था कराई 3000 गैलन पानी का वितरण उपहार स्वरूप घर-घर पहुंचने का निर्णय लिया जनता से संवाद कर आठ बोर क्षेत्र में नए कराए गए वह एक वाटर एटीएम रातों-रात बनकर जनता की सुविधा के लिए तैयार कर दिया गया।

## सीसी रोड निर्माण से गली में आवागमन बेहतर होगा सड़क बनने से विकास को गति मिलती है : ताम्रध्वज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रदेश के गृहमंत्री व क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू के अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीसेगंव में 13.46 लाख रुपए एवं ग्राम डुमरडीह में 18.54 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सीसी रोड के निर्माण से पीसेगांव और डुमरडीह ग्राम के इस मोहल्ले और स्थानीय सभी ग्रामीणों को पक्की सड़क की सुविधा मिलेगी और गांव में सीसी रोड निर्माण से गली में आवागमन बेहतर होगा. सड़क बनने से विकास को गति मिलती है, निश्चित यहां के ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिलेगा, यही वजह है कि सीसी रोड की स्वीकृति से लोगों में खुशी है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू,उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़, अध्यक्ष उतई सहकारी समिति दिवाकर गायकवाड़, सरपंच ग्राम पंचायत सरपंच गुलाब बाई, सरपंच डुमरडीह चक्षुप्रभा महिपाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### इस जगह पर होगा सी सी सड़क निर्माण

ग्राम पीसेगांव में मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग पीसेगांव तक सीसी रोड निर्माण कार्य लंबाई 250 मीटर कार्य लागत राशि 13.46 लाख

ग्राम डुमरडीह के वार्ड क्रमांक 20 में दुर्ग पाटन मार्ग से सुखीराम घर से यशवंत नायक घर सी सी रोड निर्माण कार्य लंबाई 350 मीटर लागत राशि 18.54 लाख

## जन्माष्टमी की झांकियां बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कृष्ण जन्माष्ठमी की झांकियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। यहां पर श्री कृष्ण की दुनियां जिसमें श्री कृष्ण के जन्म के बाद वासुदेव द्वारा यमुना नदी पार करते हुए, गोकुल गांव में राधे के साथ रासलीला, द्वारिकाधीश के रूप में राज सिंहासन पर विराजित मनोहारी झांकी सजाई गई है। इस अलौकिक दिव्य झांकी में बहती नदी झरनों के बीच भक्तजन पहुंच कर दिव्य अलौकिक अनुभूति कर रहे है। झांकी में विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, सीनियर एनवायरमेंट साइंटिस्ट डॉक्टर अनीता सांवत सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे है। यह झांकी सर्व के निशुल्क दर्शन के लिए रखी गई हैं। रविवार 10 सितंबर तक शाम 6 से रात 9 बजे तक रहेगी।

# डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। विगत 8 सितम्बर 2023 को कुल 06 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले, जिसमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र से सेक्टर 1 से 02, सेक्टर-2 से 01, सेक्टर-4 से 01, मरोदा से 01, बजरंग पारा भिलाई 3 से 01 का रहवासी है। वर्तमान में 13 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटों सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया जा रहा है।**



के.के.यादव, महाप्रबंधक, व्ही.के. भोंडेकर, वरि. प्रबंधक, आर.के.गुप्ता, वरि. प्रबंधक, जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए फागिंग का कार्य किया जा रहा है, इसके आलावा नगर निगम भिलाई की टीम द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्र आनंद विहार, राधिका नगर में लार्वा नष्टीकरण एवं फागिंग का कार्य किया गया है। उसी प्रकार देवबलौदा चरोदा और बजरंगपारा भिलाई 3 में भी लार्वा का नष्टीकरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जे.पी. मेश्राम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला मलेरिया कार्यालय की टीम द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्र सेक्टर 1, 2, 4, मरोदा, बजरंग पारा भिलाई-3, के प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भ्रमण किया गया। जहां पर संयुक्त टीम द्वारा निरंतर घर-घर भ्रमण कर कुलर, टंकी की जांच की गयी व आम जनता को साफ-सफाई रखने एवं डेंगू से बचाव के बारे में समझाईश दी गयी एवं संभावित डेंगू प्रभावित क्षेत्र मे टेमीफॉस का छिड़काव और फॉगिंग का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कुल 83990 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-126981 जिनमें से 36765 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 73067 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 86720 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। ग्रामीण स्तर में स्कूली बच्चों को डेंगू एवं मलेरिया के रोकथाम बचाव के संबंध में लगातार स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है। आम जनता में जन जागरूकता लाने स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा घर-घर सर्वे करते हुये व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डेंगू के लक्षण जैसे ठंड लगने के साथ अचानक बुखार आना, सिर व मांस पेशियों व जोड़ो में दर्द, आँखो के पिछले भाग में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक मुंह तथा मसूड़ों से खून आना तथा त्वचा पर चकते उभरना के बारे में विस्तृत जानकारी आम जनता को दी गयी व रोकथाम एवं नियंत्रण के तरीके जैसे शरीर को पूरे तरीके से ढकने वाला पोशाक पहनें। मॉस्किटो रिपेलेन्ट का प्रयोग करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। लोगों से अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य पात्र को एक दिन खाली कर सुखने के पश्चात पानी का जल भराव करें। घरों के आसपास पानी जमा होने वाले वस्तुओं जैसे कि गमला, टायर, टूटे फूटे बर्तन आदि को तत्काल नष्ट करें। घर के आसपास पानी जमा होने पर गाड़ी का जला हुआ तेल डालें जिससे लार्वा के नष्टीकरण में सहायता मिलेगी।

आम जनता यह आवश्यक सावधानी बरतें जैसे डेंगू के मच्छर केवल दिन में काटते हैं और साफपानी में प्रजनन करते हैं। अधिकांश लोग रात के समय मच्छरदानी का उपयोग करते हैं, किन्तु दिन के समय किसी भी प्रकार की सावधानी नहीं बरती जाती है। सावधानी के रूप में फुल शर्ट, पेन्ट पहने एवं शरीर के अन्य भाग पर आडोमास का उपयोग कर डेंगू के मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सकता है।

## प्लेट मिल में नई चेतना महिला ठेका श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-3 में प्लेट मिल के सभागार में दिनांक 09 सितम्बर, 2023 को मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे के मुख्य आतिथ्य में महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं विद्युत) एस के वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे ने प्लेट मिल के उत्पादन में सभी महिला ठेका श्रमिकों के योगदान को रेखांकित किया तथा उन्हें इसी भावना के साथ आगे भी कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे महिला श्रमिकों की दोहरी जवाबदारी होती है। एक तो अपने घरों की जवाबदारी एवं कार्य स्थल की जवाबदारी। आप लोगों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी देने के लिए यह कार्यशाला आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (यांत्रिकी) जे सुधाकर, महाप्रबंधक (प्रचालन) एच के बहुरूपी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नई चेतना से सम्बन्धित क्विज के विजेता श्रमिकों को गणमान्य अतिथियों द्वारा उपहार भी प्रदान किये गए। कार्यक्रम में कंसल्टेंट (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ) शुभश्री प्रशांत द्वारा महिला श्रमिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कार्य स्थल में यौन उत्पीडन से सम्बन्धित जानकारी प्रदान किया गया। राजेश मौर्या ने महिला श्रमिकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतन, बोनस, पी एफ ई एस आई सी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाये जा रहे छात्रवृति योजना की जानकारी दी। विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी सारंगी ने सुरक्षा एवं उत्पादन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्मिक अधिकारी विजय कुमार द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (एस ए-8000) के विभिन्न 9 महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी विजय कुमार ने किया तथा महाप्रबंधक भास्कर रॉय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950